Adda247 GET IT ON Google Play



## भाग – I (A)
## सामान्य हिन्दी

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 1 से 5 तक के सही विकल्प चुनिए :

समाप्ति और स्थायित्व शायद कहीं होगा, पर मुझे तो नहीं दिखाई देता । एक चरण-चिह्न को भी तो मैं ज़्यादा देर तक नहीं रख सकती । मेरे ऊपर लगातार चरण-चिह्न पड़ रहे हैं, पर नए पाँव आकर पुराने चिह्नों को पोंछ जाते हैं । जो चला जाता है वह तो पीछे कुछ छोड़ ही नहीं जाता । कदाचित् उसके सिर के बोझ से कुछ मिलता भी है तो हज़ारों चरणों के तले लगातार कुचला जाकर कुछ ही देर में वह धूल में मिल जाता है ।

मैं किसी का भी लक्ष्य नहीं हूँ । सबका उपाय मात्र हूँ । मैं किसी का घर नहीं हूँ, पर सबको घर ले जाती हूँ । मुझे दिन-रात यही संताप सताता रहता है कि मुझ पर कोई तबीयत से कदम नहीं रखना चाहता । मुझ पर कोई खड़ा रहना पसंद नहीं करता । जिनका घर बहुत दूर है, वे मुझे ही कोसते हैं । मैं जो उन्हें परम धैर्य के साथ उनके घर के द्वार तक पहुँचा देती हूँ, इसके लिए कृतज्ञता कहाँ पाती हूँ ? वे अपने घर आराम करते हैं, घर पर आनंद मनाते हैं, घर में उनका सुख-सम्मिलन होता है, बिछुड़े हुए सब मिल जाते हैं और मुझ पर केवल थकावट का भाव दरसाते हैं, केवल अनिच्छाकृत श्रम हुआ समझते हैं, मुझे केवल विच्छेद का कारण मानते हैं । क्या इसी तरह बार-बार दूर ही से घर के झरोखे में से पंख पसारकर बाहर आती हुई मधुर हास्य-लहरी मेरे पास आते ही शून्य में विलीन हो जाया करेगी ? घर के उस आनंद का एक कण भी, एक बूँद भी मैं नहीं पाऊँगी ?

1. कृतज्ञता का विलोम होगा
(1) कृतघ्नता
(2) कृपणता
(3) कृषता
(4) कृतार्थता

2. 'मैं सबका उपाय मात्र हूँ', किसका उपाय ?
(1) लक्ष्य को छोड़ने का
(2) लक्ष्य तक पहुँचने का
(3) लक्ष्य की अवहेलना का
(4) लक्ष्य के संताप का

3. 'मैं' के बारे में क्या सत्य नहीं है ?
(1) घर में उसका सुख-सम्मिलन होता है ।
(2) वह सबका उपाय मात्र है ।
(3) वह व्यक्ति को उसके घर तक पहुँचाती है ।
(4) उसे बिछड़ने का कारण माना जाता है ।

4. वक्ता 'मैं' को सदा यही दुख सताता रहता है कि
(1) उसकी मंजिल की समाप्ति नहीं होती
(2) लोग उसके लिए श्रम करते हैं ।
(3) कोई तबीयत से उस पर कदम नहीं रखता ।
(4) लोगों का घर बहुत दूर होता है ।

5. उपर्युक्त आत्मकथा किसकी हो सकती है ?
(1) किसी घर की
(2) किसी सड़क की
(3) किसी श्रमिक की
(4) किसी पीड़ित की

ctetadda.com

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

1,00,000+ Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

600+ Exam Covered

25,000+ Previous Year Papers

500% Refund

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Adda247 GET IT ON Google Play



प्रश्न संख्या 6 से 15 तक दिए गए वाक्यों में से शुद्ध वाक्य वाला विकल्प चुनिए :

6. (1) होटल के बाहर साफ-साफ लिखा था ।
(2) होटल को बाहर साफ-साफ लिखा था ।
(3) होटल पर बाहर साफ-साफ लिखा था ।
(4) होटल में बाहर साफ-साफ लिखा था ।

7. (1) वाच्य परिवर्तन के कुल तीन-तीन नियम हैं ।
(2) वाच्य परिवर्तन के कुल तीन नियम हैं ।
(3) वाच्य परिवर्तन के कुल तीनों नियम हैं ।
(4) वाच्य परिवर्तन के कुल तीनों तीन नियम हैं ।

8. (1) देनदारी घटेगी तो ब्याज भी घटेगी ।
(2) देनदारी घटेगा तो ब्याज भी घटेगा ।
(3) देनदारी घटेगी तो ब्याज भी घटेगा ।
(4) देनदारी घटेगा तो ब्याज भी घटेगी ।

9. (1) जब आप मुंबई जाएँ तो मुझे भी ले चलें ।
(2) जब आप मुंबई जाओ तो मैं भी चलूँगा ।
(3) जब आप मुंबई जाइए तो मुझे भी ले चलो ।
(4) जब आप मुंबई जाइए तो हमें भी चलाइए ।

10. (1) हमने पिताजी से मिलना है ।
(2) हमने पिताजी को मिलना है ।
(3) हमें पिताजी से मिलना है ।
(4) हमें पिताजी में मिलना है ।

11. (1) दोनों नर्मदा और ताप्ती पूर्व से पश्चिम बहती हैं ।
(2) नर्मदा और ताप्ती पूर्व और पश्चिम बहती हैं ।
(3) नर्मदा और ताप्ती पूर्व से पश्चिम बहती हैं ।
(4) नर्मदा और ताप्ती दोनों पूर्व-पश्चिम चलती हैं ।

12. (1) दोनों आतंकवाद संलिप्तता में पाए गए हैं ।
(2) दोनों की आतंकवाद में संलिप्तता पाई गई है ।
(3) दोनों आतंकों की आतंकवाद में संलिप्तता पाई गई है ।
(4) दोनों आतंकवादी संलिप्तता में पाए गए हैं ।

13. (1) यदि आप आते तो आपको मालूम होता था ।
(2) यदि आप आते तो आपको मालूम होता होगा ।
(3) यदि आप आते तो आपको मालूम होता है ।
(4) यदि आप आते तो आपको मालूम होता ।

14. (1) कार्यशाला समाप्त हो गई तो मैं आऊँ ।
(2) कार्यशाला सम्पन्न हो जाए तो मैं आऊँगा ।
(3) कार्यशाला पूरा हो गया तो मैं आऊँगा ।
(4) कार्यशाला समाप्त हो जाता तो मैं आता था ।

15. (1) छुट्टी होती ही दफ्तरों में ताला लग गया ।
(2) छुट्टी होते ही दफ्तरों में ताले लग गए ।
(3) छुट्टी होते ही दफ्तरों में सब ताले लग गए ।
(4) छुट्टी होते ही सब दफ्तरों में ताला लग गया ।

ctetadda.com

Adda247 GET IT ON Google Play



निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 16 से 20 तक के प्रश्नों के लिए सही विकल्पों का चयन कीजिए :

ज़िंदगी को ठीक से जीना हमेशा ही जोखिम झेलना है और जो आदमी सकुशल जीने के लिए जोखिम का हर जगह पर एक घेरा डालता है, वह अंततः अपने ही घेरों के बीच कैद हो जाता है और ज़िंदगी का कोई मज़ा उसे नहीं मिल पाता, क्योंकि जोखिम से बचने की कोशिश में, असल में, उसने ज़िंदगी को ही आने से रोक रखा है।

ज़िंदगी से, अंत में, हम उतना ही पाते हैं जितनी कि उसमें पूँजी लगाते हैं। यह पूँजी लगाना ज़िंदगी के संकटों का सामना करना है, उसके उस पन्ने को उलट कर पढ़ना है जिसके सभी अक्षर फूलों से ही नहीं, कुछ अंगारों से भी लिखे गए हैं। ज़िंदगी का भेद केवल उसे ही मालूम है जो यह जानकर चलता है कि ज़िंदगी कभी भी खत्म न होने वाली चीज़ है।

अरे! ओ जीवन के साधको! अगर किनारे की मरी हुई सीपियों से ही तुम्हें संतोष हो जाए तो समुद्र के अंतराल में छिपे मौक्तिक-कोष को कौन बाहर लाएगा?

दुनिया में जितने भी मज़े बिखेरे गए हैं, उनमें तुम्हारा भी हिस्सा है। वह चीज़ भी तुम्हारी हो सकती है, जिसे तुम अपनी पहुँच के परे मान कर लौटे जा रहे हो।

कामना का अंचल छोटा मत करो, ज़िंदगी के फल को दोनों हाथों से दबाकर निचोड़ो, रस की निर्झरी तुम्हारे बहाए भी बह सकती है।

16. ज़िंदगी में प्राप्ति जुड़ी है
(1) रुपए पैसों से
(2) लगाई हुई पूँजी से
(3) कभी खत्म न होने वाली राह से
(4) जीवन को रोकने से

17. जीवन के संदर्भ में 'पूँजी लगाना' से तात्पर्य है
(1) रहन-सहन में व्यय करना
(2) जीवन को अमर मानना
(3) संकटों का सामना करना
(4) जीवन में हार न मानना

18. 'जीवन के साधक' कौन हैं ?
(1) जीने वाले
(2) समुद्र में मोती ढूँढ़ने वाले
(3) सीपियाँ बटोरने वाले
(4) जीवन से संतुष्ट लोग

19. 'कामना का अंचल छोटा मत करो' का आशय है
(1) कंजूसी न करो
(2) अधिक पाने की इच्छा करो
(3) धैर्य रखो
(4) रुकावट को दूर करो

20. सदा जोखिम झेलना माना गया है ज़िंदगी को
(1) सकुशल जीना
(2) ठीक से जीना
(3) आनंददायी मानना
(4) साधना करना

ctetadda.com

Adda247 GET IT ON Google Play



## PART – I (B)
## GENERAL ENGLISH

**Directions for Q. Nos. 21 to 26 :** Complete each of the sentences given below with the help of the options that follow :

21. When I visited him in the hospital, he was writhing ______ pain.
(1) from (2) with
(3) in (4) on

22. The rebels ______ for more than two months.
(1) held out (2) held up
(3) held in (4) held over

23. These chairs are ______ the physically challenged.
(1) set down for
(2) set up for
(3) set in for
(4) set apart for

24. He ______ many difficulties since his arrival in the city.
(1) faced (2) has faced
(3) is facing (4) was saving

25. He suddenly remembered the place where the party ______.
(1) has been held
(2) was held
(3) had been held
(4) might have been held

26. We should live in a style suited ______ our condition.
(1) for (2) to
(3) with (4) towards

**Directions for Q. Nos. 27 & 28 :** Which part of speech is the underlined word in each of the following sentences ?

27. We all slept upstairs.
(1) Adverb (2) Noun
(3) Conjunction (4) Preposition

28. I was not a mischievous or troublesome child.
(1) Preposition (2) Adverb
(3) Conjunction (4) Pronoun

**Directions for Q. Nos. 29 & 30 :** Each of the following sentences has an error in it. Identify the part which has the error.

29. You don't have to look (1) / very far (2) / to find the cause for (3) / these problems (4)

30. I believe (1) / he is capable to handle (2) / such a (3) / difficult situation (4)

**Directions for Q. Nos. 31 to 35 :** Read the passage given below and answer the questions / complete the statements with the help of the options that follow :

In the twenty-three years since Aurangzeb had marched north to seize the throne, the area of the Deccan had been dominated by a small Maratha chieftain, Shivaji, whose guerilla tactics were to prove fatal to the Moghuls and who thereby became a very special hero to

ctetadda.com

Adda247 GET IT ON Google Play



Hindus in the political climate of the early twentieth century. With the independence movement under way to eject the British and to restore India to the Indians after nine centuries of domination by rulers whose roots were outside the subcontinent, there was a magnetic appeal about a Hindu who, from comparatively humble beginnings, had risen to shake the very foundations of the Moghul Empire. In the words of Sir Jadunath Sarkar, the leading Hindu biographer of Aurangzeb, writing in about 1915, Shivaji 'proved by his example that the Hindu race can build a nation, found a State, defeat enemies; they can conduct their own defence; they can protect and promote literature and art, commerce and industry; they can maintain navies and ocean-trading fleets of their own, and conduct naval battles on equal terms with foreigners. He taught the modern Hindus to rise to the full stature of their growth'. So, when viewed with hindsight through twentieth-century glasses, Aurangzeb on one side and Shivaji on the other come to be seen as key figures in the development of India. What Shivaji began, Gandhiji could complete – the addition of ji is in both cases a mark of respect, and Indians today speak in conversation of Gandhiji rather than Gandhi – and what Aurangzeb stood for would lead to the establishment of the separate state of Pakistan.

31. According to Sir Jadunath Sarkar, Shivaji
(1) put Bijapur on the road to prosperity.
(2) proved that Indians were capable of managing all of their affairs.
(3) stressed the need for national unity.
(4) was determined to free India from the yoke of the Moghul empire.

32. The expression 'what Shivaji began, Gandhiji could complete' refers to
(1) atrocities committed by the Moghuls and the British.
(2) India's longing for a just and equitable society.
(3) India's struggle against foreign domination culminating in freedom.
(4) sacrifices made by the Indian people.

33. Study the following statements :
A. Shivaji's guerrilla tactics proved fatal to the Moghuls.
B. Shivaji's guerilla tactics raised him to the stature of a hero.
(1) 'A' is true and 'B' is false.
(2) 'B' is true and 'A' is false.
(3) Both 'A' and 'B' are true.
(4) Both 'A' and 'B' are false.

34. The word 'magnetic' as used in the passage means the same as
(1) Wonderful (2) Captivating
(3) Enormous (4) Charismatic

35. Which of the following statements is false ?
(1) Shivaji had comparatively humble beginnings.
(2) Shivaji shook the foundations of the Moghul empire.
(3) He was a big Maratha chieftain.
(4) Shivaji's guerilla tactics proved fatal to the Moghuls.

Adda247 GET IT ON Google Play



**Directions for Q. Nos. 36 to 40 :** Read the passage given below and complete the statements that follow with the help of given options :

Today diesel engines can be seen in use all over the world. In size they range all the way from small, single cylinder versions of 3 kW driving water pumps to mammoth multi-cylinder marine engines. Buses, lorries, locomotives, tractors, bulldozers, mobile cranes and ships are powered by diesel engines. Stationary uses of the engine include generating sets, pump sets, etc. For a rugged, powerful and mobile source of energy the diesel engine is preferred. It is heavier than a corresponding petrol engine but far lower in fuel consumption. Heavy transportation and road construction could not have been possible in the absence of diesel engines.

Even in the case of passenger vehicles where petrol engines reign supreme so far due to lighter weight and smoother running, diesel engines are making gradual inroads. We may see more of diesel-powered cars in future due to the superior fuel economy of this engine. It is far less polluting than the petrol engine since it uses much more air than is necessary for combustion and hence, the combustion is more complete.

All this we owe to Dr. Rudolf Diesel, who could not enjoy the fruits of his labour. This genius in engineering was unbelievably inept in financial management and lost much of what he earned. He was deeply disturbed at the rapid worsening of relations between the French and the Germans. The portents of the coming holocaust, the First World War, were too evident to be ignored. On 29 September, 1913, Dr. Diesel took the ferry to Britain on a business trip and disappeared during the voyage; presumably he got drowned in the sea.

36. ______ is an example of stationary use of an engine.
(1) A crane
(2) A pump set
(3) A ship
(4) A tractor

37. Diesel engines are preferred because they are
(1) for lower in fuel consumption.
(2) easily available.
(3) much more durable than petrol engines.
(4) cheaply maintainable.

38. Dr. Diesel suffered huge financial setbacks owing to
(1) his financial incompliance.
(2) his failing health.
(3) The First World War.
(4) the worsening relations between France and Germany.

39. The word 'portents' as used in the last paragraph means
(1) prospects
(2) possibilities
(3) signs
(4) chances

40. Study the following statements :
A. Diesel engines consume more fuel.
B. Diesel engines are heavier than petrol engines.
(1) 'A' is true and 'B' is false.
(2) 'B' is true and 'A' is false.
(3) Both 'A' and 'B' are false.
(4) Both 'A' and 'B' are true.

adda247.com

Adda247
GET IT ON Google Play



## PART – II / भाग – II
## GENERAL AWARENESS / सामान्य जागरूकता

41. Which of the following gases is not considered as polluting agent of air ?
(1) $SO_2$ (2) $CO_2$
(3) CO (4) $NO_2$

42. Which of the following is not a Kharif crop ?
(1) Cotton
(2) Groundnut
(3) Mustard
(4) Maize

43. Which of the following is correct ?
(1) National Highway 7 connects Mumbai with Varanasi.
(2) National Highway 7 connects Delhi with Kanyakumari.
(3) National Highway 12 connects Delhi and Mumbai.
(4) National Highway 6 connects Delhi and Varanasi.

44. In human beings kidneys are located at the level of the waist on either side of the vertebral column. Each kidney contains a large number of coiled tubes called
(1) neurons
(2) ureters
(3) nephrons
(4) intestine

41. निम्नलिखित में से किस गैस को वायु-प्रदूषणकारी गैस नहीं माना जाता ?
(1) $SO_2$ (2) $CO_2$
(3) CO (4) $NO_2$

42. निम्नलिखित में से कौन सा/सी खरीफ फसल नहीं है ?
(1) रुई
(2) मूँगफली
(3) सरसों
(4) मक्का

43. निम्नलिखित में से कौन सा सही है ?
(1) राष्ट्रीय राजमार्ग 7 मुंबई को वाराणसी से जोड़ता है ।
(2) राष्ट्रीय राजमार्ग 7 दिल्ली को कन्याकुमारी से जोड़ता है ।
(3) राष्ट्रीय राजमार्ग 12 दिल्ली और मुंबई को जोड़ता है ।
(4) राष्ट्रीय राजमार्ग 6 दिल्ली और वाराणसी को जोड़ता है ।

44. मनुष्य में दोनों किडनी (गुर्दा) कमर के स्तर पर मेरुदण्डीय स्तंभ के दोनों ओर अवस्थित हैं । प्रत्येक किडनी में विशाल संख्या में कुंडलाकृति वाली नलिकाएँ होती हैं जिन्हें क्या कहा जाता है ?
(1) न्यूरांस
(2) यूरेटर (मूत्रवाहिनी)
(3) नेफ्रांस
(4) इंटेस्टाइन (आँत)

adda247.com

Adda247 GET IT ON Google Play



45. What was the duration (time period) of 11th Five Year Plan in India ?

(1) 2007-2012

(2) 2012-2017

(3) 2002-2007

(4) 2011-2016

46. Who worked as a constitutional advisor for Constitutional Assembly ?

(1) B.R. Ambedkar

(2) Rajendra Prasad

(3) B.N. Rao

(4) Sachchidanand Sinha

47. Which committee recommended the inclusion of fundamental duties in the Indian Constitution ?

(1) Swarna Singh Committee

(2) Ashok Mehta Committee

(3) Balram Jakhad Committee

(4) Mandal Committee

48. When did Reserve Bank of India come into existence ?

(1) 1st April, 1935

(2) 1st April, 1939

(3) 26th November, 1949

(4) 1st July, 1950

45. भारत की 11वीं पंचवर्षीय योजना की अवधि (कालावधि) क्या थी ?

(1) 2007 - 2012

(2) 2012 - 2017

(3) 2002 - 2007

(4) 2011 - 2016

46. संविधान सभा के सांविधानिक सलाहकार के रूप में कार्य किसने किया ?

(1) बी.आर. अंबेडकर

(2) राजेन्द्र प्रसाद

(3) बी.एन. राव

(4) सच्चिदानंद सिन्हा

47. भारतीय संविधान में मौलिक कर्तव्यों को सम्मिलित करने की सिफारिश किस समिति ने की थी ?

(1) स्वर्णसिंह कमिटी

(2) अशोक मेहता कमिटी

(3) बलराम जाखड़ कमिटी

(4) मण्डल कमिटी

48. भारतीय रिज़र्व बैंक कब अस्तित्व में आया ?

(1) 1 अप्रैल, 1935

(2) 1 अप्रैल, 1939

(3) 26 नवंबर, 1949

(4) 1 जुलाई, 1950

ctetadda.com

Adda247 GET IT ON Google Play



49. The representation of the Union Territories can be

(1) in upper house of the Parliament of India.

(2) in lower house of the Parliament of India.

(3) Both the houses of the Parliament of India.

(4) None of the houses of the Parliament of India.

50. _______ recommends Bharat Ratna Award to _______.

(1) Prime-Minister, President

(2) President, Prime Minister

(3) Chief Justice, President

(4) President, Chief Justice

51. Which one of the following country has received most of the Nobel Prizes in the field of Economics ?

(1) India (2) Russia

(3) U.S.A. (4) U.K.

52. Which one of the following statement is correct with reference to India ?

(1) State legislative assemblies elect the member of upper house of the Parliament of India.

(2) Person contesting for Vice-President must be member of upper house of Parliament.

(3) A person contesting for Lok Sabha can be resident of any State of India but for Rajya Sabha he/she should be resident of the same state.

(4) The constitution does not allow the nominated members in Lok Sabha and Rajya Sabha.

49. केंद्रशासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व हो सकता है

(1) भारत की संसद की राज्य सभा में

(2) भारत की संसद की लोक सभा में

(3) भारत की संसद के दोनों सदनों में

(4) भारत की संसद के किसी भी सदन में नहीं

50. _______ भारत रत्न पुरस्कार के लिए संस्तुति _______ को भेजता है ।

(1) प्रधान मंत्री, राष्ट्रपति

(2) राष्ट्रपति, प्रधान मंत्री

(3) मुख्य न्यायाधीश, राष्ट्रपति

(4) राष्ट्रपति, मुख्य न्यायाधीश

51. निम्नलिखित में से किस देश को अर्थशास्त्र के लिए सबसे अधिक नोबेल पुरस्कार प्राप्त हुआ है ?

(1) भारत (2) रूस

(3) यू.एस.ए. (4) यू.के.

52. भारत के परिप्रेक्ष्य में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?

(1) राज्यों की विधान सभाएँ भारत की संसद की राज्य सभा के सदस्य का चुनाव करती हैं ।

(2) उप-राष्ट्रपति पद के प्रत्याशी को अनिवार्यत: राज्य सभा का सदस्य होना चाहिए ।

(3) लोक सभा के लिए चुनाव लड़ने वाला व्यक्ति भारत के किसी भी राज्य का निवासी हो सकता है परन्तु राज्य सभा के चुनाव के लिए उसे उसी राज्य का निवासी होना चाहिए ।

(4) संविधान लोक सभा और राज्य सभा में मनोनीत सदस्य की अनुमति नहीं देता ।

ctetadda.com

Adda247 GET IT ON Google Play



53. "This is a large and beautiful city. It is surrounded by a massive wall. It has 570 towers and 64 gates. The houses of two and three storeys, are built of wood and mud brick. The king's palace is also of wood and decorated with stone carvings. It is surrounding the gardens and enclosures for keeping birds."
Above description belongs to
(1) Taxila (2) Koshal
(3) Pataliputra (4) Ujjaini

54. 'Khud-kashta' and 'Pahi-Kashta' refer to kinds of ______ in the seventeenth century.
(1) Soldiers (2) Artisans
(3) Administrators (4) Peasants

55. Which of the following texts provide information about the use of Persian wheel in India during the 15th-16th century ?
(i) Baburnama
(ii) Humayunnama
(iii) Ain-i-Akbari
(iv) Tuzk-i-Jahangiri
Use the code to answer
(1) (i)
(2) (i) and (ii)
(3) (i), (ii) and (iv)
(4) (i), (ii), (iii) and (iv)

56. Who established the 'Depressed Class Association' ?
(1) Jyoti Rao Phule
(2) Periyar
(3) Mahatma Gandhi
(4) B.R. Ambedkar

53. "यह एक बड़ा और सुंदर शहर है । यह चारों ओर से एक विशाल दीवार से घिरा है । इसमें 570 मीनारें हैं और 64 द्वार हैं । दो और तीन मंजिल के घर लकड़ी और मिट्टी की ईंटों से बने हैं । राजा का महल भी काष्ठ-निर्मित है और पत्थरों पर नक्काशी द्वारा अलंकृत है । बागों और पक्षियों को रखने के लिए निर्मित बाड़ों से यह घिरा है ।"
यह किस स्थान का विवरण है ?
(1) तक्षशिला (2) कोशल
(3) पाटलिपुत्र (4) उज्जयिनी

54. 'खुद-काश्त' और 'पही-काश्त' का प्रयोग सत्रहवीं शताब्दी में किसे संदर्भित करने के लिए किया जाता है ?
(1) सैनिक (2) दस्तकार
(3) प्रशासक (4) किसान

55. निम्नलिखित में से किस/किन कृति/कृतियों में 15वीं-16वीं सदी के दौरान भारत में फारसी पहिया के प्रयोग के बारे में जानकारी मिलती है ?
(i) बाबरनामा
(ii) हुमायूँनामा
(iii) आइने अकबरी
(iv) तुजकी जहाँगीरी
उत्तर के लिए कूट का प्रयोग करें
(1) (i)
(2) (i) और (ii)
(3) (i), (ii) तथा (iv)
(4) (i), (ii), (iii) तथा (iv)

56. 'डिप्रेस्ड क्लास एसोसिएशन' की स्थापना किसने की ?
(1) ज्योतिराव फुले
(2) पेरियार
(3) महात्मा गांधी
(4) बी.आर. अंबेडकर

ctetadda.com

Adda247 GET IT ON Google Play



57. Which one of the following Indian State is the highest producer of coffee ?
(1) Assam
(2) Odisha
(3) Karnataka
(4) Madhya Pradesh

57. निम्नलिखित में से किस भारतीय राज्य में कॉफी का उत्पादन सबसे अधिक होता है ?
(1) असम
(2) ओडिशा
(3) कर्नाटक
(4) मध्य प्रदेश

58. Who is the author of the book 'A Theory of Economic History' ?
(1) John Hicks
(2) E.F. Schumacher
(3) Adam Smith
(4) Karl Marx

58. "ए थिअरी ऑफ इकोनॉमिक हिस्ट्री" का लेखक कौन है ?
(1) जॉन हिक्स
(2) ई.एफ. शुमेकर
(3) एडम स्मिथ
(4) कार्ल मार्क्स

59. Consider the following statements and select the correct option :
(i) Amendment in the Indian Constitution can only be initiated in Lok Sabha.
(ii) If amendment changes the federal nature of the Constitution, this needs ratification from all the Indian states.

Select the correct option given below :
(1) Only (i) is correct.
(2) Only (ii) is incorrect.
(3) Both (i) and (ii) are incorrect.
(4) Both (i) and (ii) are correct.

59. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और सही विकल्प/विकल्पों को चुनें :
(i) भारत के संविधान में संशोधन की पहल केवल लोक सभा में की जा सकती है ।
(ii) यदि संशोधन से संविधान की संघीय प्रकृति में परिवर्तन होना हो, तो इसके लिए सभी भारतीय राज्यों द्वारा अभिपुष्टि की आवश्यकता होगी ।

नीचे दिए गए विकल्प/विकल्पों में से सही विकल्प चुनें :
(1) केवल (i) सही है ।
(2) केवल (ii) गलत है ।
(3) (i) और (ii) दोनों गलत हैं ।
(4) (i) और (ii) दोनों सही हैं ।

ctetadda.com

Adda247 GET IT ON Google Play



60. Which country topped a world wide Human Capital Index, that measured 130 countries, ability to nurture, develop and deploy talent for economic growth ? It was recently released by Geneva based World Economic Forum.

(1) Norway
(2) Finland
(3) Denmark
(4) China

60. कौन सा देश वर्ल्ड वाइड ह्यूमन कैपिटल इंडेक्स – जो आर्थिक विकास के लिए प्रतिभा के पालन-पोषण करने, विकसित करने और परिनियोजित करने की योग्यता से संबंधित है – पर शीर्ष स्थान पर रहा ?

इसे जेनेवा आधारित वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम द्वारा हाल ही में जारी किया गया था ।

(1) नार्वे
(2) फिनलैंड
(3) डेनमार्क
(4) चीन

61. Telecom Minister Ravi Shankar Prasad on May 7, 2016, approved the provision of a single number for various emergency services that would be similar to the '911', all in one emergency services in the U.S.A. The single emergency number proposed is

(1) 111
(2) 112
(3) 113
(4) 114

61. दूरसंचार मंत्री रवि शंकर प्रसाद ने 7 मई, 2016 को विभिन्न आपातकालीन सेवाओं के लिए एक एकल नम्बर को अनुमोदित किया जो अमेरिका में सभी आपातकालीन सेवाओं के लिए प्रयुक्त नम्बर '911' के समान होगी । यह प्रस्तावित एकल नंबर क्या है ?

(1) 111
(2) 112
(3) 113
(4) 114

62. Which Constitutional Amendment Act, incorporates replacement of all indirect taxes paid by customers ?

(1) Gross Supply Tax Act
(2) Goods Supply Tax Act
(3) Goods and Services Tax Act
(4) Gross and Services Tax Act

62. उपभोक्ताओं द्वारा भुगतान किये जाने वाले सभी प्रत्यक्ष करों को विस्थापित करने वाला संवैधानिक संशोधन कानून कौन सा है ?

(1) ग्रास सप्लाई टैक्स कानून
(2) गुड्स सप्लाई टैक्स कानून
(3) गुड्स एण्ड सर्विसेज टैक्स कानून
(4) ग्रास एण्ड सर्विसेज टैक्स कानून

ctetadda.com

Adda247 GET IT ON Google Play



63. Which of the following is correct ?
(1) Block printing mainly originated from Tamil Nadu.
(2) Bikaner is famous for Phulkari.
(3) Kerala is renowned for its painting on ivory.
(4) Piply, famous for appliqué work, is in Andhra Pradesh.

64. Maritime trade in Harappan Era is evident in which of the sites ?
(1) Mohenjodaro
(2) Lothal
(3) Atamira
(4) Dholavira

65. Which sports would associate the given words ?
Diamond, Pullout, Base, Pitching
(1) Chess
(2) Basketball
(3) Bridge
(4) Baseball

66. Which Indian Gymnast missed bronze medal in Rio Olympics by very little margin but was praised for the high risk Produnova Vault ?
(1) Sakshi Malik
(2) Dipa Karmakar
(3) P.V. Sindhu
(4) Simone Biles

63. निम्नलिखित में से कौन सा सही है ?
(1) ब्लॉक प्रिंटिंग मुख्य रूप से तमिलनाडु से प्रारम्भ हुआ ।
(2) बीकानेर फुलकारी के लिए प्रसिद्ध है ।
(3) हाथीदांत पर पेंटिंग के लिए केरल सुविख्यात है ।
(4) पिपली जो गोटा-पट्टा के कार्य के लिए प्रसिद्ध है, आंध्र प्रदेश में है ।

64. निम्नलिखित में से हड़प्पा काल के किस स्थल में समुद्री व्यापार के साक्ष्य मिलते हैं ?
(1) मोहनजोदड़ो
(2) लोथल
(3) अटामीरा
(4) धौलावीरा

65. निम्नलिखित शब्दों का संबंध किस खेल से है ?
डायमंड, पुल आउट, बेस, पिचींग
(1) शतरंज
(2) बास्केटबॉल
(3) ब्रिज
(4) बेसबॉल

66. भारत का कौन सा जिमनास्ट बहुत कम अंतर से रिओ ओलंपिक में काँस्य पदक प्राप्त करने से चूक गया/गई पर जिसे अत्यधिक जोखिम भरे प्रोडुनोवा वाल्ट के लिए प्रशंसा मिली ?
(1) साक्षी मलिक
(2) दीपा कर्माकर
(3) पी.वी. सिंधु
(4) साइमन बाइल्स

ctetadda.com

Adda247 GET IT ON Google Play



67. When you mix hot water in cold water, the whole water becomes hot in few minutes. Which of following statements is not true with reference to convection ?
(1) Heaters and blowers should be placed near ground level so that they set up convention current.
(2) Handles of cooking material are made of plastics and wood to avoid heating due to convection.
(3) Ventilators in home are made near the ceiling of a room
(4) Sea breeze occur due to convention current.

68. The acids which are found in plants and animals are called
(1) Inorganic acids
(2) Organic acids
(3) Mineral acids
(4) Neutralised acids

69. Which of the following statements is true ?
(1) Bases are sweet to taste.
(2) Vinegar is natural source of lactic acid.
(3) Litmus is the most common indicator used in the laboratory.
(4) In an acidic medium the turmeric paper turns reddish brown.

70. How many Gold medals did India win in 2014 Asian Games ?
(1) 13 (2) 11
(3) 12 (4) 14

67. जब आप ठंडे पानी में गरम पानी मिलाते हैं, तो पूरा पानी कुछ मिनटों में गरम हो जाता है । कंवेक्शन के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है ?
(1) हीटरों और ब्लोअरों को धरातल स्तर के निकट रखना चाहिए ताकि ये कंवेक्शन करेंट स्थापित कर सकें ।
(2) कंवेक्शन के कारण गरम होने से बचाने के लिए खाना पकाने वाले बर्तनों के हैंडल को प्लास्टिक या लकड़ी से बनाया जाता है ।
(3) घरों में वेंटिलेटर को कमरे की छत के साथ बनाया जाता है ।
(4) समुद्री हवाएँ कंवेक्शन करेंट के कारण पैदा होती हैं ।

68. पेड़-पौधों और मवेशियों में पाये जाने वाले एसिड्स कहलाते हैं
(1) अकार्बनिक एसिड्स
(2) कार्बनिक एसिड्स
(3) खनिजीय एसिड्स
(4) निष्प्रभावी एसिड्स

69. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?
(1) 'बेसेज' का स्वाद मीठा होता है ।
(2) सिरका लैक्टिक एसिड का प्राकृतिक स्रोत है ।
(3) लिटमस, प्रयोगशाला में सर्वाधिक आमतौर पर प्रयुक्त इंडीकेटर है ।
(4) अम्लीय माध्यम पर हल्दी वाला कागज गाजरी (गाजर के रंग का) हो जाता है ।

70. 2014 के एशियाई खेलों में भारत को कितने स्वर्ण पदक मिले ?
(1) 13 (2) 11
(3) 12 (4) 14

ctetadda.com

Adda247 GET IT ON Google Play



## PART – III / भाग – III

## GENERAL INTELLIGENCE, NUMERICAL ABILITY AND REASONING

## सामान्य बुद्धिमत्ता, संख्यात्मक योग्यता एवं तर्क क्षमता

71. As 'wheel' is related to 'Vehicle', similarly 'Clock' is related to
(1) Pin (2) Stick
(3) Nail (4) Needle

72. Select the pair of words which is related in the same way as the words of the first pair.
Bush : Flora
(1) Fish : Water
(2) Horse : Carriage
(3) Plant : Fauna
(4) Blue : Colour

73. If the vowels of the word 'SOLITARY' are first arranged in alphabetical order, followed by the consonants in the alphabetic order, which of the following will be the 5th from the right end after the rearrangement ?
(1) L (2) R
(3) S (4) T

74. Find the number of letters between 21st letter from right and 10th letter from right in the English alphabet.
(1) 7 (2) 8
(3) 9 (4) 10

75. Determine the pattern and find the correct answer :
5, 8, 12, 17, 23, __?__, 38
(1) 26 (2) 28
(3) 29 (4) 30

71. जिस तरह 'चक्र/पहिया' 'वाहन' से जुड़ा है, वैसे घड़ी का संबंध है
(1) पिन से (2) स्टिक से
(3) नेल से (4) नीडल से

72. शब्दों के उस युग्म को चुनिए जो पहले शब्द-युग्म की तरह परस्पर संबंधित हों :
झाड़ी (Bush) : फूल (Flora)
(1) मछली : पानी
(2) घोड़ा : यान
(3) पौधा : प्राणी
(4) नीला : रंग

73. अगर 'SOLITARY' शब्द के स्वरों को अकारादि क्रम में लगाया जाए और उसके बाद व्यंजनों को अकारादि क्रम में लगाया जाए तो पुनर्व्यवस्था के बाद निम्नलिखित में से कौन सा दाईं ओर से 5वाँ होगा ?
(1) L (2) R
(3) S (4) T

74. अंग्रेज़ी के अक्षरों में दाईं ओर से 21वें अक्षर और दाईं ओर से 10 वें अक्षर के मध्य में स्थित अक्षरों की संख्या होगी
(1) 7 (2) 8
(3) 9 (4) 10

75. नमूने का निर्धारण करें और सही उत्तर चुनें :
5, 8, 12, 17, 23, __?__, 38
(1) 26 (2) 28
(3) 29 (4) 30

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

Adda247

GET IT ON Google Play



76. Consider the given statement and two assumptions numbered I and II :

**Statement :** The target of a fiscal deficit of 8% of GDP could not be met because of major short fall in revenue collection.

**Assumptions I :** Shortfall in revenue collection leads to an increase in fiscal deficit.

**II :** Shortfall in revenue collection leads to a decrease in fiscal deficit.

Which of the following assumption(s) is/are implicit in the statement ?

(1) Only I is implicit.
(2) Only II is implicit .
(3) Both I and II are implicit.
(4) Both I and II are not implicit.

77. Consider the given statement and two assumptions numbered I and II.

**Statement :** The root cause of all social evils is love for wealth.

**Assumptions I :** Wealth gives power and makes selfish.

**II :** All those who love wealth are anti-social.

Which of the following assumption(s) is/are implicit in the statement ?

(1) Only I is implicit.
(2) Only II is implicit.
(3) Both I and II are implicit.
(4) Both I and II are not implicit.

76. निम्नलिखित कथन और दो अनुमानों I और II पर विचार कीजिए :

**अभिकथन :** 8% जी.डी.पी. के राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सका क्योंकि राजस्व वसूली में अत्यधिक न्यूनता थी ।

**अनुमान I :** राजस्व वसूली में न्यूनता से राजकोषीय घाटा बढ़ता है ।

**II :** राजस्व-वसूली में न्यूनता से राजकोषीय घाटा घटता है ।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही का चुनाव कीजिए ।

(1) केवल I अंतर्निहित है ।
(2) केवल II अंतर्निहित है ।
(3) I और II दोनों अंतर्निहित हैं ।
(4) I और II दोनों ही अंतर्निहित नहीं हैं ।

77. निम्नलिखित अभिकथन और दो अनुमानों (I) और (II) पर विचार कीजिए :

**अभिकथन :** सभी सामाजिक बुराइयों का एकमात्र कारण दौलत से प्यार है ।

**अनुमान I :** दौलत से सत्ता मिलती है जिससे व्यक्ति स्वार्थी बनता है ।

**II :** वे सभी समाज विरोधी हैं जो पैसे से प्यार करते हैं ।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही का चुनाव कीजिए ।

(1) केवल I अंतर्निहित है ।
(2) केवल II अंतर्निहित है ।
(3) I और II दोनों अंतर्निहित हैं ।
(4) I और II दोनों अंतर्निहित नहीं हैं ।

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

adda.com

Adda247 GET IT ON Google Play



78. Given the following two statements :

I : The government has decided to make all the information related to primary education available to the general public.

II : In the past, the general public did not have access to all these information related to primary education.

Which of the following is correct ?

(1) Statement I is the cause and Statement II is its effect.

(2) Statement II is the cause and Statement I is its effect.

(3) Both the Statements I and II are independent causes.

(4) Both the Statements I and II are the effects of independent causes.

79. Cost of petroleum products has been increased almost 15% in last two months.

Which of the following may be the possible cause of the effect mentioned above ?

(1) The cost of vegetables has been increased by more than 25%.

(2) Union of truck owners has decided to increase carriage about 30% with immediate effect.

(3) In last couple of weeks, the cost of crude oil in the international market has been increased.

(4) People have decided to protest against the inertia of government towards essential commodities.

78. नीचे दो अभिकथन दिए गए हैं :

I : प्राथमिक शिक्षा संबंधी सभी सूचनाओं को आम जनता को उपलब्ध कराने का सरकार का निर्णय ।

II : पहले, आम जनता को प्राथमिक शिक्षा से संबंधित सूचनाएँ जानने की अनुमति नहीं थी ।

निम्नलिखित में से कौन सही विकल्प है ?

(1) अभिकथन I कारण है और अभिकथन II उसका प्रभाव है ।

(2) अभिकथन II कारण है और अभिकथन I उसका प्रभाव है ।

(3) दोनों अभिकथनों के स्वतंत्र कारण हैं ।

(4) दोनों अभिकथनों के प्रभावों के स्वतंत्र कारण हैं ।

79. पिछले दो महीनों में पेट्रोलियम पदार्थों की कीमत लगभग 15% बढ़ गई है ।

उपरिलिखित प्रभाव का निम्नलिखित में से कौन सा संभावित कारण हो सकता है ?

(1) सब्जियों की कीमतों का 25% से भी अधिक बढ़ना ।

(2) ट्रक-मालिकों के यूनियनों द्वारा ढुलाई के दामों में 30% की बढ़ोतरी तत्काल लागू करना ।

(3) पिछले दो हफ्तों में, कच्चे तेल के दामों का अन्तर्राष्ट्रीय बाज़ारों में बढ़ जाना ।

(4) लोगों द्वारा आवश्यक वस्तुओं के प्रति सरकार की जड़ता के प्रति विरोध का निर्णय

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

adda247.com

Adda247 GET IT ON Google Play



80. Which figure completes the statement ?



(1) (2) (3) (4)

81. A fruit seller sells half of his fruits plus half an orange, again he sells half of what remains plus half an orange, and so again a third time. His store is now exhausted, how many did he start from ?

(1) 5 (2) 7

(3) 9 (4) 11

82. Which figure completes the statement ?



(1) (2) (3) (4)

80. कौन सा चित्र अभिकथन को पूर्ण करता है ?



(1) (2) (3) (4)

81. एक फल बेचने वाले ने अपने आधे फल और आधा संतरा बेच दिया, पुन: उसने बचे हुए फलों में से आधे बेच दिए और आधा संतरा और पुन: तीसरी बार भी ऐसा ही किया । अब उसका सारा भंडार खत्म हो गया । उसने कितने से बेचना शुरू किया था ?

(1) 5 (2) 7

(3) 9 (4) 11

82. कौन सा चित्र अभिकथन को पूरा करता है ?



(1) (2) (3) (4)

Adda247 GET IT ON Google Play



83. 90% and 97% pure acid solutions are mixed to obtain 21 litres of 95% pure acid solution. Find the amount of each type of acid to be mixed to form the mixture.
(1) 6 litre, 15 litre
(2) 8 litre, 20 litre
(3) 10 litre, 14 litre
(4) 12 litre, 20 litre

84. After 5 years a man's age will be three times his son's age and 5 years ago he was 7 times as old as his son. The age of son is
(1) 12 years (2) 15 years
(3) 14 years (4) 10 years

85. X and Y have certain number of oranges. X says to Y, "If you give me 10 of your oranges, I will have twice the number of oranges left with you". Y replies, "If you give me 10 of your oranges, I will have the same number of oranges as left with you". The number of oranges with Y is
(1) 70 (2) 50
(3) 40 (4) 20

86. A man wish to give ₹ 12 to each person and found that he fell short of ₹ 6 when he wanted to give to all the persons present. He therefore distributed ₹ 9 to each person and found that ₹ 9 was left over. How many persons were there ?
(1) 7 (2) 6
(3) 5 (4) 4

83. 90% और 97% विशुद्ध अम्ल विलयनों से 95% का 21 लीटर विलयन प्राप्त करने के लिए विशुद्ध अम्ल मिलाया गया । इस मिश्रण को बनाने के लिए प्रत्येक प्रकार के अम्ल की सही मात्रा ज्ञात कीजिए ।
(1) 6 लीटर, 15 लीटर
(2) 8 लीटर, 20 लीटर
(3) 10 लीटर, 14 लीटर
(4) 12 लीटर, 20 लीटर

84. 5 वर्ष बाद एक व्यक्ति की आयु अपने पुत्र की आयु से तीन गुनी होगी और जबकि उसकी आयु 5 साल पहले अपने पुत्र से 7 गुणा अधिक थी । पुत्र की आयु है
(1) 12 वर्ष (2) 15 वर्ष
(3) 14 वर्ष (4) 10 वर्ष

85. X और Y के पास संतरों की एक निश्चित संख्या है । X ने Y से कहा "अगर तुम मुझे 10 संतरे दे दो तो मेरे पास तुम्हारे बचे हुए संतरों से दुगुने संतरे होंगे ।" Y ने उत्तर दिया, "अगर तुम मुझे 10 संतरे दे दो तो मेरे पास भी उतने ही संतरे होंगे जितने तुम्हारे पास बचेंगे ।" Y के पास संतरे हैं ।
(1) 70 (2) 50
(3) 40 (4) 20

86. एक आदमी चाहता है कि वर्तमान में उसके पास काम करने वाले सभी व्यक्तियों को वह प्रत्येक व्यक्ति को ₹ 12 दे परन्तु उसे ₹ 6 कम पड़ रहे हैं । इसलिए उसने प्रत्येक को ₹ 9 दिए और उसके पास ₹ 9 बच गए, तो उसके पास कितने व्यक्ति थे ?
(1) 7 (2) 6
(3) 5 (4) 4

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

21 L → 95 %

adda247.com

Adda247 GET IT ON Google Play



87. A boat cover 32 km upstream and 36 km downstream in 7 hours. Also, it covers 40 km upstream and 48 km downstream in 9 hours. The ratio of speed of boat in still water and speed of the stream is
(1) 1 : 5 (2) 1 : 2
(3) 2 : 1 (4) 5 : 1

88. Point X and Y are 90 km apart from each other on a highway. A car starts from X and another from Y at the same time. If they go in the same direction they meet in 9 hours and if they go in opposite directions they meet in 9/7 hours. The maximum speed of the car among the two cars is
(1) 20 km/hr (2) 30 km/hr
(3) 40 km/hr (4) 50 km/hr

89. On selling a tea-set at 5% loss and a lemon set at gain of 15%, a crockery seller gains ₹ 7. If he sells the tea-set at 5% gain and the lemon set at 10% gain, he gains ₹ 13. The actual price of the lemon set is
(1) ₹ 100 (2) ₹ 80
(3) ₹ 120 (4) ₹ 115

90. How many terms of the given sequence :
1, 4, 7, ...... are needed to give the sum 715 ?
(1) 20 (2) 21
(3) 22 (4) 23

91. In a two digit number, the unit's digit is twice the ten's digit. If 27 is added to the number, the digits interchange their places. The number is
(1) 48 (2) 36
(3) 24 (4) 12

87. अगर कोई नौका ऊपरी जलधारा में 32 किमी. और निचली जलधारा में 7 घंटे में 36 किमी. जाती है। इसके साथ ही यह 9 घंटे में 40 किमी. ऊपरी जलधारा में और 48 किमी. निचली जलधारा में चलती है। तो नौका की गति का अनुपात स्थिर जल में और जलधारा की गति में है
(1) 1 : 5 (2) 1 : 2
(3) 2 : 1 (4) 5 : 1

88. किसी राजमार्ग पर X और Y बिंदु एक-दूसरे से 90 किमी दूर हैं। एक ही समय पर एक कार X से शुरू होती है दूसरी Y से। अगर वे दोनों एक ही दिशा में जाती हैं तो वे दोनों 9 घंटे में मिलती हैं, अगर वे विपरीत दिशाओं में जाती हैं तो वे दोनों 9/7 घंटों में मिलती हैं। दोनों कारों में से एक कार की अधिकतम गति है
(1) 20 किमी/घंटा (2) 30 किमी/घंटा
(3) 40 किमी/घंटा (4) 50 किमी/घंटा

89. एक क्रॉकरी विक्रेता को एक टी-सेट बेचने पर 5% हानि और लैमन-सेट बेचने पर 15% लाभ मिला, उसे ₹ 7 का लाभ हुआ। अगर वह टी-सेट 5% लाभ पर बेचता है और लैमन-सेट 10% लाभ पर बेचता है, तो उसे ₹ 13 लाभ के मिलते हैं। लैमन-सेट का वास्तविक मूल्य है
(1) ₹ 100 (2) ₹ 80
(3) ₹ 120 (4) ₹ 115

90. निम्नलिखित अनुक्रम में कितने पद होंगे :
1, 4, 7, ....... जिनका कुल योग 715 हो, तो कितने पदों की आवश्यकता है ?
(1) 20 (2) 21
(3) 22 (4) 23

91. एक द्विअंकीय संख्या में इकाई अंक दसवें स्थान के अंक का दो गुना होता है। अगर 27 को उस संख्या में जोड़ दिया जाए, तो अंक अपने स्थानों को परस्पर बदल लेंगे। संख्या है
(1) 48 (2) 36
(3) 24 (4) 12

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

Adda247 GET IT ON Google Play



92. If the position of Manoj is $25^{th}$ from one end and $23^{rd}$ from the other end in his class, what is the total number of students in his class ?

(1) 45 (2) 46
(3) 47 (4) 48

93. Which one of the given options would be a meaningful order of the following memory capacity of a hard disk in ascending order of memory size ?

A. Megabytes B. Kilobytes
C. Petabytes D. Zetabytes

(1) A B C D
(2) B A C D
(3) A B D C
(4) B A D C

94. Which one of the following options would be a correct meaningful sequence of the following words ?

A. Child B. Marriage
C. Education D. Job

(1) A B C D
(2) A D C B
(3) A C D B
(4) A D B C

95. If first half of the following series is written in the reverse order, then which will be the $7^{th}$ letter to the left of $10^{th}$ letter from your right ?

A B C D E F G H I J K L M N O P Q R S T U V W X Y Z

(1) A (2) B
(3) C (4) D

92. अगर मनोज की स्थिति अपनी कक्षा में एक ओर से 25वीं है और दूसरी ओर से 23वीं है, तो उसकी कक्षा में विद्यार्थियों की कुल संख्या कितनी होगी ?

(1) 45 (2) 46
(3) 47 (4) 48

93. एक हार्ड डिस्क की स्मृति क्षमता का मेमोरी साईज निम्नलिखित विकल्पों के सार्थक क्रम में से आरोही क्रम में कौन सा होगा ?

A. मेगाबाइट्स B. किलोबाइट्स
C. पेटाबाइट्स D. ज़ेटाबाइट्स

(1) A B C D
(2) B A C D
(3) A B D C
(4) B A D C

94. निम्नलिखित शब्दों का सही सार्थक अनुक्रम नीचे दिए गए विकल्पों में से कौन सा होगा ?

A. बालक B. विवाह
C. शिक्षा D. काम

(1) A B C D
(2) A D C B
(3) A C D B
(4) A D B C

95. अगर निम्नलिखित शृंखला के प्रथमार्ध को उलटे क्रम में लिखा जाए, तो आपकी दाईं ओर से 7वाँ अक्षर 10वें अक्षर के बाईं ओर कौन सा होगा ?

A B C D E F G H I J K L M N O P Q R S T U V W X Y Z

(1) A (2) B
(3) C (4) D

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

cetadda.com

Adda247 GET IT ON Google Play



96. How many 3's are there in the following number series, which are preceded by an odd number but not followed by an even number ?
3 4 2 5 3 1 5 2 1 3 6 7 3 1 8 2 7 8 5 3 9 1 3 4 5
(1) one (2) two
(3) three (4) four

97. If DRAMA is coded as 37 and STAGE as 52, how will you code DELHI ?
(1) 36 (2) 37
(3) 38 (4) 39

98. If 'COLD' is coded as 'DPME', select appropriate code for 'GIVEN'.
(1) HJWJM (2) HKWJM
(3) HJWJO (4) HJWFO

99. Determine the pattern and find the correct answer :
11, 30, 68, 144, _?_, 600
(1) 508 (2) 604
(3) 799 (4) 296

100. How many 4's are there in the following number series, which are preceded by 2 but not followed by 1 ?
4 1 3 2 4 3 5 6 7 4 2 1 6 2 4 5 3 1 2 4 3 6 4 1 2 4 7 2
(1) one (2) two
(3) three (4) four

96. निम्नलिखित संख्या शृंखला में कितने 3 आए हैं जिनके पहले विषम संख्या हो परन्तु जिनके बाद सम संख्या न हो ?
3 4 2 5 3 1 5 2 1 3 6 7 3 1 8 2 7 8 5 3 9 1 3 4 5
(1) एक (2) दो
(3) तीन (4) चार

97. अगर DRAMA का कूट 37 है और STAGE का 52, तो DELHI का कूट क्या होगा ?
(1) 36 (2) 37
(3) 38 (4) 39

98. अगर 'COLD' का कूट है 'DPME', तो 'GIVEN' का सही कूट चुनिए –
(1) HJWJM (2) HKWJM
(3) HJWJO (4) HJWFO

99. नमूने का निर्धारण करके सही उत्तर चुनिए :
11, 30, 68, 144, _?_, 600
(1) 508 (2) 604
(3) 799 (4) 296

100. नीचे दी गई संख्या शृंखला में कितनी बार 4 आया है, जिनसे पहले 2 है परन्तु बाद में 1 नहीं है ?
4 1 3 2 4 3 5 6 7 4 2 1 6 2 4 5 3 1 2 4 3 6 4 1 2 4 7 2
(1) एक (2) दो
(3) तीन (4) चार

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

adda247 ctetadda.com

Adda247

GET IT ON Google Play



## PART – IV / भाग – IV
## TEACHING APTITUDE / शैक्षणिक अभियोग्यता

101. While young children may learn addition and subtraction of two digit numbers at school, they find it difficult to calculate how much change they should get back when they buy an ice-cream or a chocolate. This is probably because
   (1) declarative knowledge is not task related.
   (2) procedural knowledge is often learned with considerable practice.
   (3) conceptual knowledge is too abstract to transfer.
   (4) declarative knowledge is explicit knowledge.

102. Lalit is able to find a solution to his academic problems with the support of his classmate Dinesh. Which of the following notions describe his position ?
   (1) Zone of proximal development
   (2) Stage of formal operations
   (3) Problem based learning
   (4) Co-operative learning

103. 'Perceived existence of some sort of historical or contemporary social and economic disadvantage' is the basis of
   (1) inclusion in education
   (2) reservation in education
   (3) differentiated instruction
   (4) collaborative learning

104. When a teacher compliments two students for attractive illustrations in their arithmetic notebook, other students turn in illustrated arithmetic notebooks. This is an example of
   (1) Direct reinforcement
   (2) Self reinforcement
   (3) Vicarious reinforcement
   (4) Reciprocal casualty

101. बच्चे दो अंकों की संख्या को जमा करना औ घटाना स्कूल में सीख लेते हैं, परन्तु जब आइसक्रीम या चॉकलेट खरीदते हैं तो उन्हें य गणना करने में कठिनाई होती है कि उन्हें कित पैसे वापस लेने हैं । यह शायद इसलिए क्योंकि
   (1) घोषणात्मक ज्ञान कार्य सम्बन्धित नह होता है ।
   (2) कार्यविधिक ज्ञान प्रायः काफी अभ्यास बाद सीखा जाता है ।
   (3) प्रत्ययात्मक ज्ञान अंतरण के लिए काफ अमूर्त होता है ।
   (4) घोषणात्मक ज्ञान समझने में आसा होता है ।

102. ललित अपने कक्षा सहपाठी दिनेश की सहायत से अपनी शैक्षिक समस्याओं का समाधान क पाता है । निम्नलिखित में से कौन सी धारण उसकी स्थिति को स्पष्ट करती है ?
   (1) समीपस्थ विकास का क्षेत्र
   (2) नियमनिष्ठ संक्रियाओं की अवस्था
   (3) समस्या आधारित अधिगम
   (4) सहकारी अधिगम

103. किसी भी प्रकार के ऐतिहासिक या समकालिन सामाजिक और आर्थिक अलाभ की बोधगम मौजूदगी किसका आधार होती है ?
   (1) शिक्षा में समावेशन का
   (2) शिक्षा में आरक्षण का
   (3) विभेदित अनुदेश का
   (4) सहयोगी अधिगम का

104. जब अध्यापक दो विद्यार्थियों की नोटबुक आकर्षक उदाहरणों को देखकर उनकी प्रशं करता है, तो अन्य विद्यार्थी भी सोदाहरण गणि नोटबुक बनाने पर ध्यान देने लगते हैं । उदाहरण है :
   (1) प्रत्यक्ष पुनर्बलन का
   (2) स्व पुनर्बलन का
   (3) किसी की उपलब्धि से प्रभावित होने पुनर्बलन का
   (4) पारस्परिक आकस्मिकता का

Adda247 GET IT ON Google Play



105. An effective teacher must communicate to students that s/he is aware of everything that is happening in the classroom that she/he is not missing anything. This technique of preventing problems in the class is
(1) withitness
(2) overlapping
(3) group focussing
(4) movement management

106. Which of the following practice do you consider least important to reduce achievement differences among students ?
(1) Not giving students autonomy to choose their own activities during class.
(2) Having high expectations from all students and to reward them for their accomplishment.
(3) Interesting teaching incorporating a variety of learning aids.
(4) Promoting student engagement and involvement in school.

107. Lalita plans to be a teacher. She has been told by her friends and family that she interacts well with children. Lalita's mother is a teacher and she has never questioned Lalita's expectation that she becomes a teacher. Lalita's identity state is one of
(1) foreclosure
(2) morotorium
(3) diffusion
(4) achievement

105. एक प्रभावशाली अध्यापक को अपने विद्यार्थियों को जरूर बताना चाहिए कि कक्षा के अन्दर जो कुछ हो रहा है उसे सब कुछ मालूम है, और कि उससे कुछ भी छूट नहीं रहा है । कक्षा में समस्याओं को रोकने की तकनीक है
(1) विदिटनेस
(2) अतिव्यापन
(3) समूह पर ध्यान संकेन्द्रण
(4) गतिविधि संचालन

106. विद्यार्थियों के बीच उपलब्धि भिन्नताओं को कम करने के लिए सबसे कम महत्त्वपूर्ण प्रथा निम्नलिखित में से कौन सी है ?
(1) विद्यार्थियों को कक्षा के अन्दर अपनी खुद की गतिविधियाँ चुनने की स्वायत्तता प्रदान नहीं करना ।
(2) सभी विद्यार्थियों से उच्च अपेक्षाएँ रखना और उन्हें उनकी उपलब्धि के लिए पुरस्कृत करना ।
(3) विभिन्न प्रकार की अधिगम सहायक सामग्री को समाकलित करते हुए रुचिपूर्ण अध्यापन ।
(4) स्कूल में विद्यार्थियों की संलग्नता और जुड़ाव को बढ़ावा देना ।

107. ललिता अध्यापिका बनने का फैसला करती है। उसे अपनी सहेलियों एवं अपने परिवार द्वारा कहा गया है कि वो बच्चों के साथ अच्छे से पारस्परिक क्रिया करती है । ललिता की माँ अध्यापिका है और उसने ललिता की महत्वाकांक्षा कि वो अध्यापिका बनेगी पर कभी भी प्रश्न नहीं उठाया । ललिता की अभिज्ञान अवस्था एक तरह से यह है :
(1) फोरक्लोज़र
(2) मोरोटोरिअम
(3) विसरण
(4) उपलब्धि

Adda247 GET IT ON Google Play



108. A class XII student in your class gets along well with his peers and has good communication skills. Which of the following vocation would be more suitable for him ?
(1) Graphic Designer
(2) Architect
(3) Therapist
(4) Violinist

109. A school principal wants to judge the quality of teachers in his school. Which of the following steps he takes would be least useful in this process ?
(1) Ask teachers to fill a self evaluation proforma.
(2) Meet teachers personally and ask them about their teaching practices.
(3) Analyze school results
(4) Observe interaction in each classroom.

110. With respect to central tendencies mean, median and mode, which one of the following is incorrect ?
(1) Mode is used when the measure of central tendency is the most typical value.
(2) Median is used when the measure of central tendency having the greatest stability is wanted.
(3) Mean is used when other statistics are to be computed later.
(4) Mode is used when a quick and approximate measure of central tendency is wanted.

108. आपकी कक्षा XII के एक विद्यार्थी की अपने सम-समूह के साथ अच्छी पटती है और उसके सम्प्रेषण कौशल उत्तम हैं । उसके लिए निम्नलिखित में से कौन सा पेशा ज्यादा उपयुक्त होगा ?
(1) ग्राफिक डिजाइनर
(2) वास्तुशिल्पी
(3) चिकित्सक
(4) वॉयलिन वादक

109. स्कूल का प्रधानाध्यापक अपने स्कूल में अध्यापकों की गुणवत्ता आंकना चाहता है । इसके लिए उसके द्वारा किए जाने वाले उपायों में से कौन सा सबसे कम उपयोगी होगा ?
(1) अध्यापकों को स्वमूल्यांकन प्रपत्र भरने के लिए कहना ।
(2) अध्यापकों से व्यक्तिगत रूप से मिलना और उनकी अध्यापन पद्धतियों के बारे में पूछना ।
(3) स्कूल के परीक्षा फलों का विश्लेषण
(4) प्रत्येक कक्षाकक्ष में पारस्परिक क्रिया को गौर से देखना ।

110. केन्द्रीय प्रवृत्तियाँ – माध्य, माध्यिका, बहुलक के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन सा गलत है ?
(1) बहुलक का उपयोग तब होता है जब केन्द्रीय प्रवृत्ति की माप सर्वाधिक प्रारूपिक होती है ।
(2) माध्यिका का उपयोग तब होता है जब केन्द्रीय प्रवृत्ति में अधिकतम स्थायित्व चाहिए ।
(3) माध्य का उपयोग तब होता है जब अन्य सांख्यिकी की परिगणना बाद में करनी होती है ।
(4) बहुलक का उपयोग तब होता है जब केन्द्रीय प्रवृत्ति की शीघ्र तथा लगभग सही माप चाहिए ।

ctetadda.com

Adda247 GET IT ON Google Play



111. With respect to the methods of teaching, which one of the following school of philosophical thought is of the opinion that : "A method of teaching must consist of looking away from first things, principles and of looking towards last things, fruits, consequences, facts. It is in submitting conceptions to the control of experience, in the process of verifying them that one finds examples of what is called truth. Truth means verification".

(1) Realism (2) Pragmatism
(3) Naturalism (4) Idealism

112. Which one of the following does not pertain to philosophical views of Rabindranath Tagore ?

(1) Humanism was the key-note of his philosophy.
(2) He advocated craft centered education.
(3) He believed in freedom of mind which can only be achieved through the path of freedom.
(4) He wanted to bring up pupils in inseparable association with nature.

113. "Discipline is necessary for self-realization. There should be no free discipline, external constraints or suppression of spontaneous activity. The teacher should guide the children in acquiring the spiritual values of the universe."

The above description of discipline belongs to which one of the following school of philosophical thought ?

(1) Naturalism (2) Pragmatism
(3) Idealism (4) Humanism

111. अध्यापन पद्धतियों के सम्बन्ध में, दार्शनिक विचारधारा के किस सम्प्रदाय का मत है कि : "अध्यापन पद्धति को पहली चीजों, सिद्धांतों से हट कर अन्तिम चीजों, फलों, परिणामों, तथ्यों पर विचार करना समाविष्ट करना चाहिए । धारणाओं का सत्यापन करने की प्रक्रिया के दौरान, उन्हें अनुभव के अधीन छोड़ देने में ही, सत्य के उदाहरण मिलते हैं । सत्य का अर्थ सत्यापन है ।"

(1) यथार्थवाद
(2) व्यावहारिकतावाद
(3) प्रकृतवाद
(4) आदर्शवाद

112. निम्नलिखित में से कौन सा विचार रविन्द्रनाथ टैगोर के दृष्टिकोण से सम्बन्धित नहीं है ?

(1) उसके दर्शन का मुख्य विचार मानवतावाद है ।
(2) उन्होंने हस्तशिल्प केन्द्रित शिक्षा की वकालत की ।
(3) वे मन-बुद्धि की स्वतन्त्रता में विश्वास करते थे जिसे स्वतन्त्रता के माध्यम से ही प्राप्त किया जा सकता है ।
(4) वे बच्चों को प्रकृति के अपृथक्करणीय साहचर्य में रखकर पोषित करना चाहते थे ।

113. "आत्म प्रत्यक्षीकरण के लिए अनुशासन आवश्यक है । सहज क्रियाकलापों का दमन, स्वच्छंद अनुशासन या बाहरी रुकावटें न हों । सृष्टि के आध्यात्मिक मूल्य अर्जित करने में अध्यापक को बच्चों का मार्गदर्शन करना चाहिए ।" अनुशासन का उपर्युक्त विवरण दार्शनिक विचारधारा के किस सम्प्रदाय का है ?

(1) प्रकृतवाद
(2) व्यावहारिकतावाद
(3) आदर्शवाद
(4) मानवतावाद

adda.com

Adda247 GET IT ON Google Play



114. Operation Blackboard (OB) was introduced to improve the quality of primary education. Which of the following are essential elements of the scheme ?
(a) At least one teacher in every school.
(b) Provision of essential teaching and learning materials.
(c) Separate toilets for girls and boys.
(d) Provision of a building with at least two reasonable large rooms.
(1) (a) & (b)
(2) (a), (b) & (d)
(3) (b), (c) & (d)
(4) (a), (b), (c) & (d)

115. Where CR = Conditioned Response,
UR = Unconditioned Response,
CS = Conditioned Stimulus and
US = Unconditioned Stimulus
Select the incorrect statement with respect to classical conditioning.
(1) The magnitude of CR is always less than that of UR.
(2) CR and UR are always the same kind of response.
(3) CS and US, naturewise, vary.
(4) US should precede CS.

116. 'We must at present do our best to form a class of persons, Indian in blood and colour, but English in taste, in opinions, in morals and in intellect.' Which of the following voiced the above statement ?
(1) Lord Macaulay
(2) Lord William Bentinck
(3) Sir Charles Wood
(4) Lord Harding

114. ब्लैक बोर्ड ऑपरेशन (श्यामपट्ट अभियान) प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए प्रारम्भ किया गया था । इस योजना के अनिवार्य तत्त्व निम्नलिखित में से कौन से हैं ?
(a) प्रत्येक स्कूल में कम से कम एक अध्यापक/अध्यापिका
(b) अध्यापन और अधिगम के लिए आवश्यक सामग्री की अभिपूर्ति
(c) लड़कियों और लड़कों के लिए पृथक शौचालय
(d) इमारत जिसमें कम से कम दो काफ़ी हद तक बड़े कमरे हैं की अभिपूर्ति
(1) (a) और (b)
(2) (a), (b) और (d)
(3) (b), (c) और (d)
(4) (a), (b), (c) और (d)

115. जहाँ CR = अनुकूलित प्रतिक्रिया
UR = अनानुकूलित प्रतिक्रिया
CS = अनुकूलित उद्दीपन है और
US = अनानुकूलित उद्दीपन है वहाँ
क्लासीकीय अनुकूलन के सम्बन्ध में गलत कथन का चयन कीजिए :
(1) CR का आकार UR की तुलना में हमेशा कम होता है ।
(2) CR और UR हमेशा एक ही जैसी प्रतिक्रिया होती है ।
(3) CS और US, प्रकृति अनुसार भिन्न होते हैं ।
(4) US को हमेशा CS से पूर्ववत रहना चाहिए ।

116. "इस समय हमें ऐसे व्यक्तियों का वर्ग बनाने का भरसक प्रयत्न करना चाहिए जो रक्त और रंग में भारतीय हों, परन्तु रुचि, मत, सदाचार और बुद्धि में अंग्रेज हों ।" यह निम्नलिखित में से किसका कथन है ?
(1) लॉर्ड मैकॉले
(2) लॉर्ड विलियम बैंटिक
(3) सर चार्ल्स वुड
(4) लॉर्ड हार्डिंग

adda247.com

Adda247 GET IT ON Google Play



117. According to Piaget, at which stage of cognitive development, a student is able to recognize that subtraction is reverse of addition ?
(1) Sensorimotor stage
(2) Preoperational stage
(3) Concrete operations stage
(4) Formal operations stage

118. The most practical way to help students elaborate and organize new knowledge is to
(1) teach them how to take notes
(2) ask descriptive questions
(3) give homework on a regular basis
(4) use problem based learning

119. Mrs. Bhagat notices in her class that one of her students Chetan is restless in his seat and seems to get easily distracted. He has difficulty recognizing words and letters and reads slowly with little fluency. He has limited vocabulary and has difficulty copying words from the blackboard. Chetan may be showing signs of
(1) learning impairment
(2) language disorder
(3) learning disability
(4) behavioural disorder

120. With respect to Educational Psychology, which one of the following completely describes punishment ?
(1) Introduction of positive as well as negative reinforcer.
(2) Introduction of positive reinforcer and withdrawal of negative reinforcer.
(3) Withdrawal of positiver reinforcer and introduction of negative reinforcer.
(4) Withdrawal of positive as well as negative reinforcer.

117. पियाजे के अनुसार, संज्ञानात्मक विकास की किस अवस्था पर, एक छात्र यह पहचान कर सकने में सक्षम होता है कि घटाने की क्रिया जमा करने की क्रिया की उलटी है ?
(1) संवेदनगतिक अवस्था
(2) पूर्व संक्रियात्मक अवस्था
(3) मूर्त संक्रियात्मक अवस्था
(4) नियमनिष्ठ संक्रियात्मक अवस्था

118. नूतन ज्ञान को विस्तारपूर्वक प्रस्तुत करने और उसे संगठित करने में विद्यार्थियों की सहायता करने का सर्वाधिक व्यावहारिक तरीका है
(1) उन्हें सिखाना कि किस प्रकार मुख्य-मुख्य, बात को लिख लें ।
(2) विवरणात्मक प्रश्न पूछना
(3) नियमित आधार पर गृहकार्य देना
(4) समस्या-आधारित अधिगम का उपयोग करना

119. श्रीमती भगत ने अपनी कक्षा में देखा कि उसका एक विद्यार्थी चेतन अपनी सीट पर बेचैन है और उसका ध्यान आसानी से भंग हो रहा है । उसे शब्द और अक्षर पहचानने में कठिनाई होती है और वो कम प्रवाह के साथ आहिस्ते-आहिस्ते पढ़ता है । उसकी शब्दावली सीमित है और उसे ब्लैकबोर्ड से शब्दों की नकल करने में कठिनाई होती है । चेतन शायद इसके चिह्न दर्शा रहा है :
(1) अधिगम दोष
(2) भाषा विकृति
(3) अधिगम अशक्तता
(4) व्यवहारपरक विकार

120. शैक्षणिक मनोविज्ञान के सम्बन्ध में दंड को निम्नलिखित में से क्या पूरी तरह से परिभाषित करता है ?
(1) सकारात्मक तथा नकारात्मक पुनर्बलक की प्रस्तुति ।
(2) सकारात्मक पुनर्बलक की प्रारम्भिक प्रस्तुति और नकारात्मक पुनर्बलक को हटा लेना ।
(3) सकारात्मक पुनर्बलक को हटाना तथा नकारात्मक पुनर्बलक की प्रारम्भिक प्रस्तुति ।
(4) सकारात्मक तथा नकारात्मक पुनर्बलक दोनों को हटाना ।

Adda247 GET IT ON Google Play



## Part – V / भाग – V
## COMMERCE / वाणिज्य

121. X and Y are co-venturers. For recording transactions pertaining to joint venture X will prepare in his books
(1) Joint Venture Account and Y's Account.
(2) Profit and Loss Account and Y's Account.
(3) Joint Venture Account and Profit and Loss Appropriation Account.
(4) Profit and Loss Adjustment Account and Y's Account.

122. Commission paid to selling agent is
(1) Administration Overhead
(2) Distribution Overhead
(3) Selling Overhead
(4) Production Overhead

123. Economic order quantity is that quantity which keeps :
(1) Order cost at the maximum and carrying cost of materials at the minimum.
(2) Order costs at the minimum and carrying cost of materials at the maximum.
(3) Both order cost and carrying cost of materials at the minimum.
(4) Both order costs and carrying costs of materials at the maximum.

124. A Proforma Invoice is sent by the :
(1) Seller to the buyer
(2) Consignee to the consigner
(3) Consigner to the consignee
(4) Buyer to the seller

121. एक्स तथा वाई सह-उपकर्मी हैं । सह-उपकर्म से सम्बन्धित लेनदेनों का लेखा करने के लिए एक्स अपनी पुस्तकों में बनायेगा :
(1) सह-उपकर्म खाता तथा वाई का खाता
(2) लाभ-हानि खाता तथा वाई का खाता
(3) सह-उपकर्म खाता तथा लाभ-हानि विनियोजन खाता
(4) लाभ-हानि समायोजन खाता तथा वाई का खाता

122. विक्रय एजेंट को भुगतान किया गया कमीशन है :
(1) प्रशासनिक उपरिव्यय
(2) वितरण उपरिव्यय
(3) विक्रय उपरिव्यय
(4) उत्पादन उपरिव्यय

123. मितव्ययी आदेश मात्रा वह मात्रा होती है जो रखती है :
(1) आदेश लागत को अधिकतम तथा माल को सँभालने की लागत को न्यूनतम
(2) आदेश लागत को न्यूनतम तथा माल को सँभालने की लागत को अधिकतम
(3) आदेश लागत तथा माल को सँभालने की लागत दोनों को न्यूनतम
(4) आदेश लागत तथा माल को सँभालने की लागत दोनों को अधिकतम

124. नमूना बीजक भेजा जाता है :
(1) विक्रेता द्वारा क्रेता को
(2) परेषिती द्वारा परेषक को
(3) परेषक द्वारा परेषिती को
(4) क्रेता द्वारा विक्रेता को

Adda247 GET IT ON Google Play



125. Classification of overheads as indirect materials, indirect labour and indirect expenses is known as :
(1) Functional Classification
(2) Element-wise Classification
(3) Behavioural Classification
(4) Both functional as well as element-wise classification

126. Sales of X Ltd. for the year ended 31-3-2016 were ₹ 2,00,000, variable costs ₹ 1,20,000 and fixed costs were ₹ 40,000. It's profit/volume ratio will be
(1) 25% (2) 40%
(3) 30% (4) 45%

127. Calls in Advance is presented in the balance sheet of a company under the head :
(1) Non-Current liabilities
(2) Current liabilities
(3) Other current liabilities
(4) Other non-current liabilities

128. A portion of raw material that is lost in the processing and the value of this loss cannot be recovered is called :
(1) Wastage (2) Scrap
(3) Spoilage (4) Defective

125. अप्रत्यक्ष माल, अप्रत्यक्ष मजदूरी तथा अप्रत्यक्ष व्ययों के रूप में उपरिव्ययों का वर्गीकरण जाना जाता है :
(1) कार्यात्मक वर्गीकरण
(2) तत्वानुसार वर्गीकरण
(3) व्यवहारवादी वर्गीकरण
(4) कार्यात्मक तथा तत्वानुसार वर्गीकरण दोनों

126. 31-3-2016 को समाप्त हुए वर्ष के लिए एक्स लिमिटेड का विक्रय ₹ 2,00,000, परिवर्तनशील लागत ₹ 1,20,000 तथा स्थायी लागत ₹ 40,000 थी । इसका लाभ/आयतन अनुपात होगा :
(1) 25% (2) 40%
(3) 30% (4) 45%

127. कंपनी के स्थिति विवरण में 'अग्रिम याचना' को जिस शीर्षक के अंतर्गत दर्शाया जाता है, वह है :
(1) गैर-चालू दायित्व
(2) चालू दायित्व
(3) अन्य चालू दायित्व
(4) अन्य गैर-चालू दायित्व

128. कच्चे माल का वह भाग जो प्रक्रिया में नष्ट हो जाता है तथा इस हानि के मूल्य को पुन: प्राप्त नहीं किया जा सकता है, कहलाता है
(1) छीजन (2) कतरन
(3) रद्दी (4) त्रुटिपूर्ण

ctetadda.com

Adda247 GET IT ON Google Play



129. Debentures that are issued at substantial discount and do not carry a specific rate of interest is known as :
(1) Specific coupon rate debentures
(2) Secured debentures
(3) Unsecured debentures
(4) Zero coupon rate debentures

130. While recording journal entry for interest due on debentures 'Income Tax payable Account' will be :
(1) Credited
(2) Debited
(3) Neither credited nor debited
(4) Debited while payment of tax to the government

131. An incumbrance to meet the obligation under trust deed on certain assets which the company agrees to mortgage is called :
(1) Debenture (2) Share
(3) Charge (4) Bond

132. Y Ltd. offered for subscription 4,00,000 equity shares of ₹ 10 each. The company received applications for 3,00,000 shares. Since the subscription was below minimum subscription, the company could not allot shares and refunded the application money. What could have been the minimum subscription in this case ?
(1) 3,60,000 (2) 3,20,000
(3) 3,80,000 (4) 3,40,000

129. वे ऋणपत्र जो काफी अधिक बट्टे पर जारी किए जाते हैं तथा उन पर ब्याज की विशिष्ट दर अंकित नहीं होती, जाने जाते हैं :
(1) विशिष्ट कूपन दर ऋणपत्र
(2) सुरक्षित ऋणपत्र
(3) असुरक्षित ऋणपत्र
(4) शून्य कूपन दर ऋणपत्र

130. ऋणपत्रों पर ब्याज देय होने पर 'आय कर देय' खाते को :
(1) जमा किया जाएगा ।
(2) नाम किया जाएगा ।
(3) न तो नाम और न ही जमा किया जाएगा ।
(4) सरकार को कर भुगतान करने पर नाम किया जाएगा ।

131. न्यास विलेख के अंतर्गत, दायित्व को चुकाने हेतु निश्चित संपत्तियों पर भार जिन्हें कंपनी बंधक रखने पर सहमत होती है, कहलाता है :
(1) ऋणपत्र (2) अंश
(3) प्रभार (4) बॉण्ड

132. वाई लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक वाले 4,00,000 समता अंश अभिदान हेतु प्रस्तावित किए । कंपनी ने 3,00,000 अंशों हेतु आवेदन प्राप्त किए । न्यूनतम अभिदान से कम अभिदान होने के कारण कंपनी अंशों को आवंटित नहीं कर सकी तथा उसने आवेदन राशि लौटा दी । इस दशा में न्यूनतम अभिदान कितना होना चाहिए था ?
(1) 3,60,000 (2) 3,20,000
(3) 3,80,000 (4) 3,40,000

Adda247
GET IT ON Google Play



133. 'Money received against share warrants' is disclosed under which of the following major heads in the balance sheet of a company as per schedule III of the Companies Act, 2013 ?

(1) Current Liabilities
(2) Non-Current Liabilities
(3) Share Application money pending allotment
(4) Shareholder's funds

134. Which of the following is not included in the financial statements of a company ?

(1) Cash Flow Statement
(2) Funds Flow Statement
(3) Balance Sheet
(4) Statement of Profit and Loss

135. The Non-Current Assets of a company are ₹ 18,00,000. Its current liabilities are ₹ 5,00,000 and current assets ₹ 7,00,000. The Non-Current liabilities of the company are ₹ 5,00,000. The equity of the company will be :

(1) ₹ 15,00,000 (2) ₹ 20,00,000
(3) ₹ 12,00,000 (4) ₹ 10,00,000

136. Rounding-off Rule for figures in the presentation of financial statements of companies is based on :

(1) Authorised Capital
(2) Paid up Capital
(3) Turnover
(4) Surplus

133. कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची III के अनुसार एक कंपनी के स्थिति विवरण में 'अंश-वारंटों के विरुद्ध प्राप्त धनराशि' को निम्नलिखित में से किस मुख्य शीर्षक के अंतर्गत दर्शाया जाता है ?

(1) चालू देयताएँ
(2) गैर-चालू देयताएँ
(3) आबंटन लंबित अंश आवेदन राशि
(4) अंशधारक निधियाँ

134. एक कंपनी के वित्तीय विवरणों में निम्नलिखित में से कौन सा सम्मिलित नहीं है ?

(1) रोकड़ प्रवाह विवरण
(2) कोष प्रवाह विवरण
(3) स्थिति विवरण
(4) लाभ-हानि विवरण

135. एक कंपनी की गैर-चालू संपत्तियाँ ₹ 18,00,000 हैं । इसकी चालू देयताएँ ₹ 5,00,000 तथा चालू संपत्तियाँ ₹ 7,00,000 हैं । कंपनी की गैर-चालू देयताएँ ₹ 5,00,000 हैं । कंपनी की समता होगी :

(1) ₹ 15,00,000 (2) ₹ 20,00,000
(3) ₹ 12,00,000 (4) ₹ 10,00,000

136. कंपनियों के वित्तीय विवरणों में राशियों को पूर्णांकन करने का नियम आधारित है :

(1) अधिकृत पूंजी पर
(2) प्रदत्त पूंजी पर
(3) विक्रय पर
(4) अतिरेक पर

ctetadda.com

Adda247 GET IT ON Google Play



137. K Ltd. made a profit of ₹ 2,00,000 for the year ended on March 31, 2016 after charging depreciation of ₹ 20,000 and a transfer of ₹ 40,000 to general reserve. Goodwill amortised was ₹ 14,000. There was a net increase of ₹ 6,000 in its working capital. 'Net Cash Flow from Operating Activities' of the company will be :

(1) ₹ 2,26,000 (2) ₹ 1,32,000
(3) ₹ 1,20,000 (4) ₹ 2,68,000

138. "A petrol pump needs to be managed as much as a hostipal or a school." Which of the following characterstic of management is highlighted in this statement ?

(1) Management is a dynamic function.
(2) Management is a group activity.
(3) Management is multi-dimensional.
(4) Management is all pervasive.

139. Which of the following is not a component of economic environment ?

(1) Public debt
(2) Planned outlay in private and public sectors.
(3) Nature of relationship of our country with foreign countries.
(4) Balance of payments and changes in foreign exchange reserves.

140. Which of the following is not an 'activity ratio' ?

(1) Inventory Turnover
(2) Investment Turnover
(3) Interest Coverage
(4) Trade Payable Turnover

137. 31 मार्च, 2016 को समाप्त होने वाले वर्ष हेतु 'के लिमिटेड' ने ₹ 20,000 का अवक्षयण प्रभारित करने तथा सामान्य संचय में ₹ 40,000 अंतरित करने के पश्चात् ₹ 2,00,000 का लाभ कमाया । परिशोधित की गई ख्याति ₹ 14,000 थी । कार्यशील पूंजी में शुद्ध वृद्धि ₹ 6,000 थी । कंपनी का 'प्रचालन क्रियाओं से शुद्ध रोकड़ प्रवाह' होगा :

(1) ₹ 2,26,000 (2) ₹ 1,32,000
(3) ₹ 1,20,000 (4) ₹ 2,68,000

138. "एक पैट्रोल पंप को प्रबंधित करने की उतनी ही आवश्यकता है, जितनी एक अस्पताल अथवा विद्यालय को होती है ।" इस कथन से प्रबन्ध की निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता उजागर होती है ?

(1) प्रबन्ध एक गत्यात्मक कार्य है ।
(2) प्रबन्ध एक सामूहिक क्रिया है ।
(3) प्रबन्ध बहुआयामी है ।
(4) प्रबन्ध सार्वभौमिक है ।

139. निम्नलिखित में से कौन-सा घटक आर्थिक पर्यावरण का घटक नहीं है ?

(1) सार्वजनिक ऋण
(2) निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्र में नियोजित व्यय
(3) विदेशों से हमारे देश के संबंधों की प्रकृति
(4) भुगतान शेष तथा विदेशी विनिमय संचय में परिवर्तन

140. निम्नलिखित में से कौन-सा अनुपात 'आवर्त अनुपात' नहीं है ?

(1) स्कन्ध आवर्त
(2) निवेश आवर्त
(3) ब्याज व्याप्ति
(4) व्यापारिक देय आवर्त

Adda247
GET IT ON Google Play



141. 'Defending the company in law suits and avoiding legal complication' is an activity of which of the following function of management ?
(1) Planning (2) Organising
(3) Staffing (4) Directing

142. Which of the following is not a distinctive feature of Inflation Accounting ?
(1) Recording procedure is automatic.
(2) The unit of measurement is not assumed to be stable.
(3) Realisation principles are not followed rigidly.
(4) Financial statements are prepared according to the historical cost assumption.

143. Which of the following is the cheapest source of finance ?
(1) Retained earnings
(2) Bank overdraft
(3) Debentures
(4) Cash Credit

144. Call money is short-term finance repayable in
(1) one to fifteen days
(2) more than fifteen days but less than three months
(3) more than three moths but less than a year
(4) more than one year

145. For delegation to be effective it is essential that responsibility be accompained with necessary :
(1) Accountability
(2) Authority
(3) Centralisation
(4) Decentralisation

141. 'विधिक मुकदमों में कंपनी का बचाव करना तथा कानूनी परेशानियों से बचना' प्रबन्ध के निम्नलिखित में से किस कार्य की एक क्रिया है ?
(1) नियोजन (2) संगठन
(3) नियुक्तिकरण (4) निदेशन

142. निम्नलिखित में मुद्रास्फीति लेखांकन का एक विशिष्ट लक्षण कौन-सा नहीं है ?
(1) अभिलेखन प्रक्रिया स्वचालित है ।
(2) मापन इकाई को स्थिर नहीं माना जाता ।
(3) वसूली सिद्धान्तों का कड़ाई से पालन नहीं किया जाता ।
(4) वित्तीय विवरण ऐतिहासिक लागत मान्यता के अनुसार बनाए जाते हैं ।

143. निम्न में से वित्त का सबसे सस्ता स्रोत कौन सा है ?
(1) प्रतिधारित उपार्जन
(2) बैंक अधिविकर्ष
(3) ऋणपत्र
(4) रोकड़ साख

144. शीघ्रावधि द्रव्य एक लघुकालिक वित्त है जिसका भुगतान करना होता है :
(1) एक से पन्द्रह दिनों के मध्य
(2) पन्द्रह दिनों से अधिक परन्तु तीन माह से कम में
(3) तीन माह से अधिक परन्तु एक वर्ष से कम में
(4) एक वर्ष से अधिक में

145. प्रभावी भारार्पण हेतु यह अनिवार्य है कि उत्तरदायित्व के साथ हो आवश्यक :
(1) जवाबदेही
(2) अधिकार
(3) केन्द्रीकरण
(4) विकेन्द्रीकरण

adda247.com

Adda247 GET IT ON Google Play



146. Which of the following is not an element of promotion mix ?
(1) Publicity
(2) Margin
(3) Personal Selling
(4) Sales Promotion

147. Which of the following is a consumer right as provided in the Consumer Protection Act, 1986 ?
(1) Right to speech
(2) Right to free and compulsory education
(3) Right to be informed
(4) Right to free movement

148. Which of the following is not a service ?
(1) Work of airlines
(2) Work of hotels
(3) Work of accountants
(4) Organising Olympics

149. The full form of SWOT is :
(1) State, Weaknesses, Opportunities and Threats
(2) Strength, Weaknesses, Opportunities and Threats
(3) Strength, Working, Opportunites and Threats
(4) Strength, Weaknesses, Organisation and Threats

150. Which of the following is a shopping product ?
(1) Jewellery (2) Ice-Cream
(3) Stationery (4) Medicines

146. निम्नलिखित में से प्रवर्तन मिश्र का तत्त्व कौन-सा नहीं है ?
(1) प्रचार
(2) लाभ की सीमा
(3) व्यक्तिगत विक्रय
(4) विक्रय प्रवर्तन

147. निम्नलिखित में से कौन-सा उपभोक्ता अधिकार 'उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986' में दिया गया है ?
(1) बोलने का अधिकार
(2) निःशुल्क तथा अनिवार्य शिक्षा का अधिकार
(3) सूचना का अधिकार
(4) निर्बाध गतिविधि का अधिकार

148. निम्नलिखित में से कौन-सी एक सेवा नहीं है ?
(1) एयरलाइंस का कार्य
(2) होटल का कार्य
(3) लेखाकारों का कार्य
(4) ओलंपिक खेलों का आयोजन

149. स्वोट का विस्तृत रूप है :
(1) स्टेट, वीकनैसिस, ऑपुर्च्यूनिटिज एण्ड थ्रैटस
(2) स्ट्रैंथ, वीकनैसिस ऑपुर्च्यूनिटिज एण्ड थ्रैटस
(3) स्ट्रैंथ, वर्किंग, ऑपुर्च्यूनिटिज एण्ड थ्रैटस
(4) स्ट्रैंथ, वीकनैसिस, ऑर्गेनाइजेशन एण्ड थ्रैटस

150. निम्नलिखित में से क्रय-योग्य उत्पाद कौन-सा है ?
(1) आभूषण (2) आइसक्रीम
(3) स्टेशनरी (4) दवाएँ

ctetadda.com

Adda247 GET IT ON Google Play



151. Part of a brand that is given legal protection is called

(1) Brand name
(2) Brand mark
(3) Brand
(4) Trade Mark

151. ब्रांड का एक भाग जो कानूनी संरक्षण प्रदान करता है, कहलाता है :

(1) ब्रांड नाम
(2) ब्रांड चिह्न
(3) ब्रांड
(4) ट्रेड मार्क

152. Which of the following is not a function of distribution channels ?

(1) Assorting
(2) Advertising
(3) Allocation
(4) Accumlation

152. निम्नलिखित में से वितरण माध्यम का कार्य कौन-सा नहीं है ?

(1) छाँटना
(2) विज्ञापन
(3) आवंटन
(4) संचयन

153. Which of the following is not a component of physical distribution ?

(1) Transportation
(2) Warehousing
(3) Product Promotion
(4) Inventory Control

153. निम्नलिखित में से भौतिक वितरण का घटक कौन सा नहीं है ?

(1) परिवहन
(2) भंडारण
(3) उत्पाद प्रवर्तन
(4) स्टॉक नियंत्रण

154. Identify from the following the marketing concept that consists of a group of customers who have a similar set of needs and wants.

(1) Local marketing
(2) Individual marketing
(3) Segment marketing
(4) Niche marketing

154. निम्नलिखित में से विपणन की उस संकल्पना की पहचान कीजिए जिसमें ग्राहकों का ऐसा समूह निहित होता है जिसकी आवश्यकताएँ तथा इच्छाएँ एक होती हैं :

(1) स्थानीय विपणन
(2) व्यक्तिगत विपणन
(3) खंड विपणन
(4) अवसर विपणन

ctetadda.com

Adda247 GET IT ON Google Play



155. Who among the following cannot file a complaint before an appropriate consumer forum ?
(1) Any registered consumer's association.
(2) An individual who purchased goods for re-sale.
(3) Any consumer
(4) Representative of a deceased consumer

156. Co-ordination is :
(1) a function of management
(2) a characterstic of management
(3) the essence of management
(4) an objective of management

157. Allotment of securities by a company to institutional investers and some selected individuals is called :
(1) Private Placement
(2) Offer through prospectus
(3) Offer for sale
(4) Rights Issue

158. Organising events involving application of skills is which of the following sales promotion activities ?
(1) Assigned Gift
(2) Lucky Draw
(3) Instant Draws
(4) Contests

155. निम्न में से उपभोक्ता फोरम के समक्ष शिकायत कौन नहीं कर सकता ?
(1) कोई पंजीकृत उपभोक्ता संस्था
(2) एक व्यक्ति जिसने पुन: विक्रय के लिए माल का क्रय किया
(3) कोई उपभोक्ता
(4) किसी मृत उपभोक्ता का प्रतिनिधि

156. समन्वय है :
(1) प्रबंध का एक कार्य
(2) प्रबंध की एक विशेषता
(3) प्रबंध का सार
(4) प्रबंध का एक उद्देश्य

157. एक कम्पनी द्वारा संस्थागत निवेशकों तथा कुछ चयनित वैयक्तिक निवेशकों को प्रतिभूतियों का आबंटन कहलाता है :
(1) निजी नियोजन
(2) विवरण पत्रिका के माध्यम से प्रस्ताव
(3) विक्रय के लिए प्रस्ताव
(4) अधिकार निर्गम

158. ऐसी गतिविधियों का आयोजन जिनमें कौशल का उपयोग समाहित हो, निम्न में से कौन सी विक्रय संवर्धन क्रिया है ?
(1) घोषित उपहार
(2) लक्की ड्रा
(3) तुरंत ड्रा
(4) प्रतियोगिता

ctetadda.com

Adda247 GET IT ON Google Play



159. X and Y were partners in a firm sharing profits in 3 : 2 ratio. Their capitals were ₹ 3,00,000 and ₹ 5,00,000 respectively. Z was admitted as a new partner for 1/4th share in the profits. Z brought ₹ 3,00,000 as his capital. The amount of goodwill Premium brought by Z will be :

(1) ₹ 30,000
(2) ₹ 1,00,000
(3) ₹ 50,000
(4) ₹ 25,000

160. The authorised capital of XX Ltd. is ₹ 1,00,00,000 divided into equity shares of ₹ 10 each. The company invited applications for issuing 80,000 shares. The issue was fully subscribed. All money was received. Except the final call of ₹ 20,000. For the year ended 31-3-2016 the company declared a dividend of 10%. The amount of dividend will be :

(1) ₹ 10,00,000
(2) ₹ 8,00,000
(3) ₹ 2,000
(4) ₹ 78,000

161. How many maximum parties can be there in a Bill of Exchange ?

(1) 2
(2) 3
(3) 4
(4) 5

159. एक्स तथा वाई एक फर्म के साझेदार थे तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । उनकी पूँजी क्रमश: ₹ 3,00,000 तथा ₹ 5,00,000 थी । ज़ैड को लाभ के 1/4 भाग के लिए एक नया साझेदार बनाया गया । ज़ैड अपनी पूँजी के लिए ₹ 3,00,000 लाया । ज़ैड द्वारा ख्याति प्रीमियम के लिए लाई गयी राशि होगी

(1) ₹ 30,000
(2) ₹ 1,00,000
(3) ₹ 50,000
(4) ₹ 25,000

160. एक्स एक्स लिमिटेड की अधिकृत पूँजी ₹ 1,00,00,000 है जो ₹ 10 प्रत्येक के समता अंशों में विभक्त है । कम्पनी ने 80,000 अंशों के निर्गमन के लिए आवेदन आमन्त्रित किये । निर्गमन पूर्णत: अभिदत्त हो गया । अन्तिम याचना पर ₹ 20,000 को छोड़कर सभी राशि प्राप्त हो गई । 31 मार्च, 2016 को समाप्त हुए वर्ष के लिए कम्पनी ने 10% के लाभांश की घोषणा की । लाभांश की राशि होगी :

(1) ₹ 10,00,000
(2) ₹ 8,00,000
(3) ₹ 2,000
(4) ₹ 78,000

161. विनिमय-पत्र के अधिकतम कितने पक्ष हो सकते हैं ?

(1) 2
(2) 3
(3) 4
(4) 5

adda247.com

Adda247
GET IT ON Google Play



162. Which of the following behaviour will be judged as unethical by the criterion of truth ?
(1) Doing personal business on company time.
(2) Concealing one's errors.
(3) Using company services for personal use.
(4) Accepting gifts in exchange of preferential treatment.

163. A merchant bank is also known as a
(1) Commercial Bank
(2) Central Bank
(3) Investment Bank
(4) Development Bank

164. Which principle of insurance is violated when the insured fails to disclose a material fact to the insurer ?
(1) Indemnity
(2) Utmost good-faith
(3) Insurable interest
(4) Contribution

165. Rupee was introduced in India in the year
(1) 1834
(2) 1835
(3) 1757
(4) 1609

162. सत्य की कसौटी द्वारा निम्नलिखित में से किस व्यवहार को अनैतिक माना जाता है ?
(1) कंपनी के समय में निजी कार्य करना ।
(2) अपनी गलतियों को छिपाना ।
(3) निजी उपयोग हेतु कंपनी की सेवाओं का उपयोग करना ।
(4) अधिमान्य व्यवहार के बदले में उपहार स्वीकार करना ।

163. एक व्यापारिक बैंक इस नाम से भी जाना जाता है :
(1) वाणिज्यिक बैंक
(2) केन्द्रीय बैंक
(3) निवेश बैंक
(4) विकास बैंक

164. जब बीमाकृत बीमाकर्ता के समक्ष कोई महत्वपूर्ण तथ्य प्रकट नहीं करता है, तो बीमा के किस सिद्धांत का उल्लंघन होता है ?
(1) क्षतिपूर्ति
(2) पूर्ण सद्विश्वास
(3) बीमोचित हित
(4) योगदान

165. भारत में रुपये का प्रचालन वर्ष ______ में हुआ ।
(1) 1834
(2) 1835
(3) 1757
(4) 1609

adda.com

Adda247 GET IT ON Google Play



166. A company becomes a distinct legal entity with perpetual succession and common seal from the date of
(1) Registration
(2) Payment of the requisite fee
(3) Issue of certificate of incorporation.
(4) Commencement of business

166. एक कंपनी इस तिथि से शाश्वत अस्तित्व तथा सार्व मुद्रा सहित एक विशिष्ट वैधानिक इकाई बन जाती है :
(1) पंजीकरण
(2) आवश्यक शुल्क के भुगतान पर
(3) समामेलन का प्रमाण पत्र जारी होने पर
(4) व्यवसाय प्रारंभ करने पर

167. Under which of the following clauses to the 'Memorandum of Association' the signatories express the desire and agreement to form the company.
(1) Subscription Clause
(2) Name Clause
(3) Liability Clause
(4) Objects Clause

167. 'पार्षद सीमा नियम' के किस वाक्य के अंतर्गत हस्ताक्षरकर्ता कंपनी बनाने हेतु अपनी इच्छा तथा सहमति व्यक्त करते हैं ?
(1) अभिदान वाक्य
(2) नाम वाक्य
(3) दायित्व वाक्य
(4) उद्देश्य वाक्य

168. Which of the following document contains rules relating to the management of company's internal affairs ?
(1) Memorandum of Association
(2) Prospectus
(3) Statement in lieu of prospectus
(4) Articles of Association

168. कंपनी के आंतरिक मामलों के प्रबंधन से संबंधित नियम निम्नलिखित में से किस प्रपत्र में लिखे रहते हैं ?
(1) पार्षद सीमा नियम
(2) प्रविवरण पत्र
(3) स्थानापन्न प्रविवरण पत्र
(4) पार्षद अन्तर्नियम

169. Joint Hindu Family Business is governed by which of the following laws ?
(1) Indian Contract Act
(2) Companies Act
(3) Succession Act
(4) Partnership Act

169. संयुक्त हिन्दू परिवार व्यवसाय निम्नलिखित में से किस अधिनियम से शासित होता है ?
(1) भारतीय अनुबन्ध अधिनियम
(2) कंपनी अधिनियम
(3) उत्तराधिकार अधिनियम
(4) साझेदारी अधिनियम

Adda247 GET IT ON Google Play



170. In which of the following types of retail trade there is high scope of misuse ?
(1) Single line store
(2) Departmental store
(3) Mail order business
(4) Chain store

171. Which one of the following colour is not relevant for bill of entry ?
(1) Violet
(2) Green
(3) Blue
(4) Black

172. Which of the following is a role of WTO ?
(1) Financing internal trade
(2) Concluding trade agreements
(3) Engaging WTO agreements
(4) Implementing WTO trade agreements

173. Which of the following provide risk capital ?
(1) Debentures
(2) Equity Shares
(3) Loans from financial institutions
(4) Public Deposits

170. फुटकर व्यापार के निम्नलिखित में से किस प्रकार में दुरुपयोग की अधिक संभावना होती है ?
(1) एकल पंक्ति भंडार
(2) विभागीय भंडार
(3) डाक द्वारा व्यापार
(4) शृंखलाबद्ध भंडार

171. निम्नलिखित में से कौन-सा रंग प्रवेशी बिल के लिए उपयुक्त नहीं है ?
(1) बैंगनी
(2) हरा
(3) नीला
(4) काला

172. WTO की भूमिका निम्नलिखित में से कौन-सी है ?
(1) आंतरिक व्यापार का वित्तीयन ।
(2) व्यापार समझौतों को तय करना ।
(3) WTO समझौतों में संलिप्त होना ।
(4) WTO व्यापार समझौतों को लागू करना ।

173. निम्नलिखित में से जोखिम पूंजी कौन उपलब्ध कराता है ?
(1) ऋणपत्र
(2) समता अंश
(3) वित्तीय संस्थानों से ऋण
(4) सार्वजनिक जमाएँ

ctetadda.com

Adda247 GET IT ON Google Play



174. Which of the following theories of leadership states that 'leaders are born, not made' ?
(1) Trait Theory
(2) Great Man Theory
(3) Behavioural Theory
(4) Situational Theory

175. Exchange of feelings and grievances is which type of need according to 'Need Hierarchy Model' of Maslow ?
(1) Social needs
(2) Ego needs
(3) Safety and security needs
(4) Basic Physiological needs

176. Which of the following is not a cause of business risk ?
(1) Lazy employees
(2) Motivated employees
(3) Economic activities
(4) Human activities

177. Through which of the following strategies of reinforcement managers try to correct improper behaviour of subordinates by providing negative consquences ?
(1) Negative Reinforcement
(2) Positive Reinforcement
(3) Punishment
(4) Extinction

174. नेतृत्व का कौन-सा सिद्धांत कहता है कि "नेता जन्म लेते हैं, बनाए नहीं जाते" ?
(1) विशेषता सिद्धांत
(2) महान व्यक्ति सिद्धांत
(3) व्यवहारगत सिद्धांत
(4) परिस्थितिक सिद्धांत

175. मैस्लो के 'आवश्यकता पदानुक्रम मॉडल' के अनुसार भावनाओं तथा शिकायतों का आदान-प्रदान निम्नलिखित में से किस प्रकार की आवश्यकता है ?
(1) सामाजिक आवश्यकताएँ
(2) अहंभाव आवश्यकताएँ
(3) सुरक्षा आवश्यकताएँ
(4) मूलभूत भौतिक आवश्यकताएँ

176. निम्नलिखित में से व्यावसायिक जोखिम का कारण कौन-सा नहीं है ?
(1) आलसी कर्मचारी
(2) प्रेरित कर्मचारी
(3) आर्थिक क्रियाएँ
(4) मानवीय क्रियाएँ

177. पुनर्बलन की निम्नलिखित में से किस युक्ति के माध्यम से अधीनस्थों को नकारात्मक परिणाम प्रदान करके प्रबंधक उनके अनुचित व्यवहार को ठीक करने का प्रयास करते हैं ?
(1) नकारात्मक पुनर्बलन
(2) सकारात्मक पुनर्बलन
(3) दंड
(4) विलोपन

adda247.com

Adda247 GET IT ON Google Play



178. Which of the following services of Department of posts is on the pattern of courier service ?

(1) Speed Post

(2) Registered Post

(3) Registered Parcel

(4) Money Order

179. Which of the following areas is relevant for knowledge process outsourcing ?

(1) Administrative support

(2) Investment research services

(3) Customer support services

(4) Customer relationship management

180. Oligarchic management is related with which form of business organisations ?

(1) Sole Tradership

(2) Partnership

(3) Hindu Undivided family business

(4) Joint Stock Company

178. डाक विभाग की निम्नलिखित में से कौन-सी सेवा कुरियर सेवा के प्रतिरूप जैसी है ?

(1) स्पीड पोस्ट

(2) पंजीकृत डाक

(3) पंजीकृत पार्सल

(4) मनी आर्डर

179. निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र 'ज्ञान प्रक्रिया बाह्यस्रोतीकरण' हेतु उपयुक्त है ?

(1) प्रशासनिक सहायता

(2) निवेश अनुसंधान सेवाएँ

(3) ग्राहक सहायता सेवाएँ

(4) ग्राहक संबंध प्रबन्ध

180. कुलतंत्रात्मक प्रबंध व्यवसाय संगठन के निम्नलिखित में से किस स्वरूप से संबंधित है ?

(1) एकल स्वामित्व

(2) साझेदारी

(3) हिन्दू अविभाजित परिवार व्यवसाय

(4) संयुक्त पूँजी कंपनी

ctetadda.com

Adda247 GET IT ON Google Play



181. A document which provides evidence of the transaction is called :
(1) Source Document
(2) Accounting Voucher
(3) Debit Voucher
(4) Credit Voucher

182. The accounting concept based on the policy of 'Playing safe' is known as :
(1) Full disclosure concept
(2) Consistency concept
(3) Revenue Recognition concept
(4) Conservatism concept

183. While preparing 'Bank Reconciliation Statements; with adjusted Cash Book, which of the following will be recorded in the Cash Book to find out adjusted Cash Book balance ?
(1) Cheques issued but not yet presented for payment
(2) Cheques deposited but not yet collected.
(3) Interest allowed by the bank.
(4) An error in the Pass Book.

184. When interest is allowed on capital which of the following is true with respect to accounting equation ?
(1) Both assets and capital will increase with the same amount.
(2) Liabilities will decrease and capital will increase with the same amount.
(3) Capital will increase and decrease with the same amount.
(4) Liabilities will increase and capital will decrease with the same amount.

181. प्रलेख, जो किसी सौदे को प्रमाणिकता प्रदान करता है, कहलाता है
(1) स्रोत प्रलेख
(2) लेखांकन प्रमाणक
(3) नाम प्रमाणक
(4) जमा प्रमाणक

182. सावधानी बरतने की नीति पर आधारित लेखांकन संकल्पना को कहते हैं :
(1) पूर्ण प्रस्तुतिकरण संकल्पना
(2) समनुरूपता की संकल्पना
(3) आगम मान्यता संकल्पना
(4) रूढ़िवादिता की संकल्पना

183. समायोजित रोकड़ बही के साथ 'बैंक समाधान विवरण' बनाते समय समायोजित रोकड़ बही का शेष ज्ञात करने हेतु निम्नलिखित में से किसे रोकड़ बही में अभिलेखित किया जाएगा ?
(1) चैक निर्गमित किए गए परंतु अभी तक भुगतान हेतु प्रस्तुत नहीं किए गए ।
(2) चैक जमा किए गए परंतु अभी तक भुगतान हेतु संग्रहित नहीं हुए ।
(3) बैंक द्वारा दिया गया ब्याज ।
(4) पास बुक में गलती ।

184. जब पूंजी पर ब्याज लगाया जाता है तो निम्नलिखित में से लेखांकन समीकरण के बारे में कौन-सा सही है ?
(1) सम्पत्तियाँ तथा पूँजी दोनों में समान धनराशि की वृद्धि होगी ।
(2) समान धनराशि से देयताओं में कमी होगी तथा पूँजी में वृद्धि होगी ।
(3) समान धनराशि से पूँजी में वृद्धि होगी तथा कमी होगी ।
(4) समान धनराशि से देयताओं में वृद्धि होगी तथा पूँजी में कमी होगी ।

ctetadda.com

Adda247 GET IT ON Google Play



185. The Trial Balance of 'Vinay Traders' as on 31-3-2016 showed the following balances :

| | |
|---|---|
| Debtors | ₹ 3,00,000 |
| Provision for Bad Debts | ₹ 20,000 |
| Bad Debts | ₹ 10,000 |

You are required to write off further bad debts ₹ 5,000 and create a provision of 5% on debtors for bad & doubtful debts. The amount of new provision for bad & doubtful debts will be :

(1) ₹ 15,000 (2) ₹ 9,750
(3) ₹ 14,750 (4) ₹ 5,250

186. Jain's opening capital was ₹ 2,80,000 and closing capital was ₹ 4,00,000. During the year, he introduced ₹ 1,00,000 as additional capital and he made a profit of ₹ 80,000. His drawings during the year were :

(1) ₹ 60,000
(2) ₹ 80,000
(3) ₹ 1,00,000
(4) ₹ 1,20,000

187. The original cost of a machine is ₹ 5,00,000 and its useful life is 10 years. The net residual value is estimated at ₹ 1,00,000. The rate of depreciation according to straight line method will be :

(1) 10% (2) 8%
(3) 15% (4) 12%

185. 'विनय ट्रेडर्स' का 31-3-2016 को तलपट निम्नलिखित शेष दर्शा रहा है :

| | |
|---|---|
| देनदार | ₹ 3,00,000 |
| डूबत ऋण हेतु प्रावधान | ₹ 20,000 |
| डूबत ऋण | ₹ 10,000 |

आपसे अपेक्षा है कि आप ₹ 5,000 अतिरिक्त डूबत ऋणों को अपलेखित करें तथा देनदारों पर डूबत एवं संदिग्ध ऋणों हेतु 5% का प्रावधान करें । डूबत एवं संदिग्ध ऋणों हेतु नए प्रावधान की धनराशि होगी :

(1) ₹ 15,000 (2) ₹ 9,750
(3) ₹ 14,750 (4) ₹ 5,250

186. जैन की प्रारंभिक पूंजी ₹ 2,80,000 तथा अंतिम पूंजी ₹ 4,00,000 थे । वर्ष के दौरान, उसने अतिरिक्त पूंजी के रूप में ₹ 1,00,000 लगाए तथा ₹ 80,000 का लाभ कमाया । वर्ष के दौरान उसके आहरण थे :

(1) ₹ 60,000
(2) ₹ 80,000
(3) ₹ 1,00,000
(4) ₹ 1,20,000

187. एक मशीन की मूल लागत ₹ 5,00,000 है तथा इसका उपयोगी जीवनकाल 10 वर्ष है । इसका अनुमानित शुद्ध अवशिष्ट मूल्य ₹ 1,00,000 है । सीधी रेखा पद्धति के अनुसार ह्रास की दर होगी :

(1) 10% (2) 8%
(3) 15% (4) 12%

Adda247 GET IT ON Google Play



188. Which of the following is not an attribute of reliability of accounting information ?

(1) Nutrality (2) Timeliness

(3) Verifiability (4) Faithfulness

189. Which of the following is correct ?

(1) Operating Profit = Net Profit – Non-Operating Expenses + Operating Incomes.

(2) Operating Profit = Net Profit – Non-Operating Expenses – Operating Incomes.

(3) Operating Profit = Gross Profit + Non-Operating Expenses – Non-Operating Incomes.

(4) Operating Profit = Net Profit + Non-Operating Expenses – Non-Operating Incomes.

190. The following information has been extracted from the books of a sports club :

| | 31-3-2015 (₹) | 31-3-2016 (₹) |
|---|---|---|
| Subscription outstanding | 45,000 | 6,600 |
| Subscription received in advance | 41,000 | 13,000 |

Subscription received during the year 2015-16 were ₹ 1,80,000. The amount of subscription to be credited in the 'Income & Expenditure Account' for the year ended 31-3-2016 will be :

(1) ₹ 1,35,600 (2) ₹ 1,22,400

(3) ₹ 1,47,400 (4) ₹ 1,69,600

188. निम्नलिखित में से लेखांकन सूचना की विश्वसनीयता का गुण कौन-सा नहीं है ?

(1) निष्पक्षता

(2) समयानुकूलता

(3) प्रमाणित करने की योग्यता

(4) निष्ठावान होना

189. निम्न में से कौन सा सही है ?

(1) प्रचालन लाभ = शुद्ध लाभ – अप्रचालन व्यय + प्रचालन आय

(2) प्रचालन लाभ = शुद्ध लाभ – अप्रचालन व्यय – प्रचालन आय

(3) प्रचालन लाभ = सकल लाभ + अप्रचालन व्यय – अप्रचालन आय

(4) प्रचालन लाभ = शुद्ध लाभ + अप्रचालन व्यय – अप्रचालन आय

190. निम्नलिखित सूचना एक स्पोर्ट्स क्लब की लेखा-पुस्तकों से ली गई है :

| | 31-3-2015 (₹) | 31-3-2016 (₹) |
|---|---|---|
| अप्राप्त चन्दा | 45,000 | 6,600 |
| अग्रिम प्राप्त चन्दा | 41,000 | 13,000 |

वर्ष 2015-16 के दौरान ₹ 1,80,000 चन्दा प्राप्त हुआ । वर्ष समाप्ति 31-3-2016 हेतु आय एवं व्यय खाते में क्रेडिट की जाने वाली चंदे की राशि होगी :

(1) ₹ 1,35,600 (2) ₹ 1,22,400

(3) ₹ 1,47,400 (4) ₹ 1,69,600

cetadda.com

Adda247 GET IT ON Google Play



191. Which of the following is not an element of computer system ?
(1) Procedures (2) Data Security
(3) Software (4) Connectivity

192. Which of the following is a software ?
(1) CPU (2) Monitor
(3) MS Office (4) Printer

193. Which of the following is not a basic component of data base ?
(1) Bit (2) User
(3) Byte (4) Field

194. A partner withdrew ₹ 20,000 at the end of each half year. Interest on his total drawings will be calculated for how many months ?
(1) 6 (2) 3
(3) 1.5 (4) 4.5

195. Interest allowed on partner's loan will be debited to :
(1) Partner's Loan Account
(2) Partner's Capital Account
(3) Profit & Loss Account
(4) Profit & Loss Appropriation Account

196. While preparing financial statements if, closing stock is given in the trial balance then it will be :
(1) Debited to Trading Account
(2) Presented in the balance sheet as an asset
(3) Credited to Trading Account.
(4) Credited to Trading Account as well as will be presented in the balance sheet as an asset.

191. निम्नलिखित में से कौन-सा तत्त्व कम्प्यूटर प्रणाली का तत्त्व नहीं है ?
(1) कार्यविधि (2) डाटा सुरक्षा
(3) सॉफ्टवेयर (4) सम्बन्धता

192. निम्नलिखित में से कौन-सा एक सॉफ्टवेयर है ?
(1) सी पी यू (2) मॉनीटर
(3) एम एस ऑफिस (4) प्रिंटर

193. निम्नलिखित में से डाटाबेस का मूल घटक कौन-सा नहीं है ?
(1) बिट (2) उपयोगकर्ता
(3) बाइट (4) फ़ील्ड

194. एक साझेदार प्रत्येक अर्द्ध वर्ष के अंत में ₹ 20,000 का आहरण करता है । उसके कुल आहरण पर कितने माह का ब्याज परिकलित किया जाएगा ?
(1) 6 (2) 3
(3) 1.5 (4) 4.5

195. साझेदार के ऋण पर ब्याज को डेबिट किया जाता है :
(1) साझेदार के ऋण खाते में
(2) साझेदार के पूँजी खाते में
(3) लाभ-हानि खाते में
(4) लाभ-हानि विनियोजन खाते में

196. वित्तीय विवरण तैयार करते समय यदि अन्तिम स्टॉक तलपट में दिया गया होता है तब यह :
(1) व्यापारिक खाते के नाम पक्ष में दर्शाया जायेगा ।
(2) स्थिति विवरण में एक सम्पत्ति के रूप में दर्शाया जायेगा ।
(3) व्यापारिक खाते के जमा पक्ष में दर्शाया जायेगा ।
(4) व्यापारिक खाते के जमा पक्ष तथा स्थिति विवरण में एक सम्पत्ति के रूप में दर्शाया जायेगा ।

ctetadda.com

Adda247 GET IT ON Google Play



197. Q, a partner in the firm of P, Q and R, died on the Balance Sheet date. His share in the profit of the firm, in the year of death, will be debited to :
(1) Profit & Loss Suspense Account
(2) Profit & Loss Appropriation Account
(3) Profit & Loss Account
(4) Profit & Loss Adjustment Account

197. पी, क्यू तथा आर की फर्म में एक साझेदार क्यू की मृत्यु स्थिति विवरण की तिथि को हो जाती है । मृत्यु के वर्ष में फर्म के लाभ में उसके भाग को डेबिट किया जाएगा :
(1) लाभ-हानि संशय खाते में
(2) लाभ-हानि विनियोजन खाते में
(3) लाभ-हानि खाते में
(4) लाभ-हानि समायोजन खाते में

198. In case of dissolution of partnership firm, which of the following sections of the 'Indian Partnership Act, 1932' provides for the settlement of assets between the partners ?
(1) 45 (2) 47
(3) 46 (4) 48

198. साझेदारी फर्म के समापन की दशा में 'भारतीय साझेदारी अधिनियम, 1932' की कौन-सी धारा साझेदारों के बीच संपत्तियों के निपटान से संबंधित है ?
(1) 45 (2) 47
(3) 46 (4) 48

199. A bill of exchange drawn by the creditor upon his debtor is :
(1) a promise to pay
(2) an order to pay
(3) both a promise and an order to pay
(4) neither a promise nor an order to pay

199. लेनदार द्वारा देनदार पर लिखा गया विनिमय-पत्र होता है :
(1) भुगतान करने का वचन
(2) भुगतान करने का आदेश
(3) भुगतान करने का वचन तथा आदेश दोनों
(4) न तो भुगतान करने का वचन और न ही आदेश

200. Ravi and Mohan were partners in a firm with capitals of ₹ 3,00,000 and ₹ 5,00,000 respectively. Kumar was admitted as a new partner for 1/4th share in profits. Kumar brought ₹ 4,00,000 as his capital. The value of goodwill of the firm will be :
(1) ₹ 4,00,000 (2) ₹ 3,00,000
(3) ₹ 5,00,000 (4) ₹ 6,00,000

200. रवि तथा मोहन क्रमशः ₹ 3,00,000 तथा ₹ 5,00,000 की पूँजी के साथ एक फर्म में साझेदार थे । लाभ में 1/4 भाग हेतु कुमार को एक नए साझेदार के रूप में प्रवेश दिया गया । कुमार अपनी पूँजी के रूप में ₹ 4,00,000 लाया । फर्म की ख्याति का मूल्य होगा :
(1) ₹ 4,00,000 (2) ₹ 3,00,000
(3) ₹ 5,00,000 (4) ₹ 6,00,000